सत्यता और
निष्पक्षता के साथ
नई बुलंदियों पर

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इंडिया
कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष
www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-340, पृष्ठ : 12 | गुरुवार, 19 जून, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## चार राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव
# मतदान जारी

**नई दिल्ली।** चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर आज उपचुनाव हो रहा है। जिन राज्यों में चुनाव हो रहे हैं उनमें केरल,पश्चिम-बंगाल, गुजरात और पंजाब शामिल हैं। इन सभी राज्यों में कड़ी सुरक्षा के बीच आज सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया। ये उपचुनाव गुजरात की दो विधानसभा सीटों विसावदर और कडी, केरल की एक नीलांबुर, पश्चिम बंगाल की कालीगंज और पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट के लिए हो रहे हैं। इस चुनावी मुकाबले में प्रमुख विपक्षी



दल कांग्रेस, आप, तृणमूल कांग्रेस और सीपीआई (एम) न केवल भाजपा को चुनौती दे रहे हैं बल्कि एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा भी कर रहे हैं। केरल और पश्चिम बंगाल दोनों में अगले साल की शुरूआत में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए इस उप चुनाव का

| | |
|---|---|
| गुजरात विसावदर | 39.25% |
| गुजरात कडी | 34.79% |
| केरल नीलांबुर | 46.73% |
| पंजाब लुधियाना वेस्ट | 33.42% |
| वेस्ट बंगाल कालीगंज | 45.23% |

राजनीतिक महत्व और भी बढ़ गया है। सभी पांचों निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतों की गिनती 23 जून को होगी।

दोपहर 1 बजे तक केरल की नीलांबुर सीट पर सबसे ज्यादा 46.73% वोटिंग हुई। पंजाब की लुधियाना वेस्ट सीट पर सबसे कम 33.42% मतदान हुआ।

### पुतिन की ईरान-इजरायल संघर्ष में मध्यस्थता पर भड़के ट्रंप
## पहले अपने देश का मेटर सुलझाओ



**कीव।** मध्य पूर्व में इजरायल और ईरान के बीच जारी तनाव को लेकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मध्यस्थता की बात की थी। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने पुतिन पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि मैंने उनसे बातचीत की थी, जिसमें उन्होंने कहा कि वे मध्य पूर्व में शांति स्थापित करना चाहते हैं। मैंने जवाब में कहा कि पहले अपना रूस-यूक्रेन संघर्ष खत्म करो, फिर दुनिया के बाकी हिस्सों की चिंता करो। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह मामला काफी नाजुक है, लेकिन इसका समाधान निकाला जा सकता है। उन्होंने बताया कि रूस ने ईरान, इजरायल और अमेरिका के साथ शांति प्रस्ताव साझा किए हैं। यह संकेत रूस की मध्य पूर्व में अपनी कूटनीतिक भूमिका को मजबूत करने की कोशिश का प्रतीक है, लेकिन ट्रंप के जवाब ने इसे सार्वजनिक रूप से खारिज कर दिया। साथ ही ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भी आरोप लगाए कि युद्ध में हो रही मौतों की संख्या छुपाई जा रही है।

### राजस्थान के राजगढ़ में भीष I हादसा
# डिवाइडर से टकराई कार
## मां-बेटे समेत 4 की मौत, 3 घायल



**एम्बुलेंस चालक और ट्रक ड्राइवर ने बचाई जान**


हादसे के तुरंत बाद अहमदाबाद की ओर जा रहे एक एम्बुलेंस चालक यग्नेश भाई रावल ने कार से धुआं उठता देखा। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए आसपास के ट्रक चालकों की मदद से कार का दरवाजा तोड़ा और घायलों को बाहर निकाला।

**राजगढ़।** राजगढ़ जिले के पचोर में आज सुबह नेशनल हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच हुआ, जब एक एक्सयूवी 500 कार हाईवे पर डिवाइडर से टकरा गई। मृतकों में दो बच्चे और दो वयस्क शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, हादसे का कारण ड्राइवर को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, कार सवार सभी लोग उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के दुबेपुरवा भवानीपुर मोजा से अयोध्या होते हुए सूरत जा रहे थे।

## एलन मस्क की कंपनी स्पेस के स्टारशिप में भीषण धमाका, बुरी तरह फटा सुपर रॉकेट



**वाशिंगटन।** दुनिया के नामी टेक उद्योगपति एलन मस्क की स्पेस एक्स कंपनी को एक बड़ा झटका लगा है। आज टेक्सास के स्टारबेस टेस्ट साइट पर स्पेसएक्स के स्टारशिप रॉकेट में भीषण विस्फोट हो गया। स्टारशिप 36 नामक यह सुपर रॉकेट एक स्टेटिक फायर टेस्ट के दौरान फट गया, जिसमें जबरदस्त आग और काले धुएं का गुबार उठा। उस वक्त रॉकेट के इंजन जमीनी स्तर पर टेस्ट के लिए फायर गए थे। वीडियो फुटेज में देखा गया कि टेस्ट शुरू होने के कुछ ही सेकंड बाद रॉकेट का नोज वाला हिस्सा अचानक फट गया, जिससे चमकीला विस्फोट हुआ। इसके बाद आग की लपटों ने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया।



## ईरान का काउंटर अटैक

# सबका हिसाब करेंगे : नेतन्याहू

### इजरायल ने किया ईरान के अराक हेवी वाटर रिएक्टर पर हमला



**दुबई।** ईरान-इजरायल के बीच जंग अब तेज होती जा रही है। इजरायल के हमले के बाद ईरान ने अपना पलटवार और भीषण कर दिया है। आज ईरान ने इजरायल पर कई बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला बोला है। यहां तक की इजरायल के एक बड़े अस्पताल को भी उसने सीधा निशाना बनाया है। ईरान के हमले के बाद इजरायल को बड़ा नुकसान हुआ है। ईरान ने इजरायल के सोरोका मेडिकल सेंटर पर हमला बोला है, जो इजरायल के दक्षिण में एक बड़ा अस्पताल है। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने ट्वीट कर कहा, बीशेर्बा में सोरोका अस्पताल पर हाल ही में एक ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया गया। इजरायल अपने सभी लोगों की सुरक्षा के लिए जो करना चाहिए, वह करना जारी रखेगा। इजराइली सेना ने ईरान के अराक हेवी वाटर रिएक्टर पर हमला कर दिया। ईरान के सरकारी टीवी ने बताया कि इजराइल ने ईरान के अराक हेवी वाटर रिएक्टर पर हमला किया है। इससे पहले बृहस्पतिवार को इजराइली सेना आईडीएफ ने मध्य ईरान के अराक और खोंडब शहरों के निवासियों को अपनी सुरक्षा के लिए जगह खाली करने की चेतावनी दी थी। खोंडब के बाहरी इलाके में एक हेवी वाटर एटमी रिएक्टर है।

ईरान इजराइल पर हवाई हमले करने में पीछे नहीं हट रहा है। ईरान ने आज इजराइल को निशाना बनाकर मिसाइल हमला किया जिसमें एक मेडिकल बिल्डिंग को निशाना बनाया गया।

इजराइली सेना ने यह दावा करते हुए कहा कि ईरान उसके आबादी वाले इलाके को निशाना बना रहा है। इजराइली वायु रक्षा प्रणाली ने गुरुवार को तेल अवीव पर ईरानी हमले के दौरान मिसाइलों को रोकने के लिए फायरिंग की इजरायल की सेना ने गुरुवार को लोगों को ईरान के अराक हेवी वाटर रिएक्टर के आसपास के इलाके को खाली करने की चेतावनी दी। यह चेतावनी सोशल मीडिया एक्स पर आई। इसमें लाल घेरे में प्लांट की सैटेलाइट इमेज शामिल थी।

#### आईडीएफ का ईरान के 20 से अधिक सैन्य ठिकानों पर हमले का दावा

इजराइली सेना ने सोशल मीडिया एक्स के जरिए ईरान पर किए गए हमले की जानकारी दी। आईडीएफ के दावे के अनुसार इजराइली वायु सेना के 60 लड़ाकू विमानों ने तेहरान में 20 से अधिक सैन्य ठिकानों पर हमला किया। इस दौरान तेहरान में प्रमुख परमाणु और मिसाइल स्थलों पर हमला किया। इनमें प्रमुख रूप से यूरेनियम संवर्धन और सेंट्रीफ्यूज स्थल, मिसाइल और वायु रक्षा उत्पादन सुविधाएं, परमाणु हथियार अनुसंधान और विकास केंद्र, ईरान के हथियार कार्यक्रम शामिल हैं।

## दिल्ली में इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली से लेह जा रही इंडिगो की फ्लाइट (6ई 2006) को तकनीकी समस्या के कारण दिल्ली में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। विमान में चालक और स्टाफ समेत लगभग 180 लोगों सवार थे। बताया गया कि सभी को विमान से सुरक्षित उतार लिया गया है। जानकारी के अनुसार, इंडिगो की एक फ्लाइट आज लेह के लिए जा रही थी। लेह के हवाई क्षेत्र में पहुंचने के कुछ देर बाद ही इंडिगो फ्लाइट की वापस दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। वहीं, इंडिगो ने अभी तक तकनीकी समस्या की सटीक जानकारी नहीं दी है। बताया गया कि लेह हवाई क्षेत्र में पहुंचने के बाद विमान ने वापस लौटने का फैसला किया। जानकारी के अनुसार, इंडिगो की एक फ्लाइट आज (गुरुवार) को लेह के लिए जा रही थी। लेह के हवाई क्षेत्र में पहुंचने के कुछ देर बाद ही इंडिगो फ्लाइट की वापस दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।




## माफिया अतीक के बेटे के पास बरामद हुई नगदी

### डिप्टी जेलर और वॉर्डन निलंबित

**नैनी।** केंद्रीय कारागार में कई साल से बंद माफिया अतीक अहमद का बेटा अली अहमद के पास से नगदी बरामद होने पर पुलिस ने ड्यूटी पर तैनात महिला डिप्टी जेलर कांति देवी और वार्डन संजय द्विवेदी को प्रथम दृष्टि दोषी पाए जाने पर निलंबित कर दिया गया है। हाई सिक्योरिटी सेल में बंद अली से बीते कई सालों से कोई मिलने नहीं आता है। कभी-कभी उसके अधिवक्ता उससे मिलने आते हैं। ऐसे में उसके पास नगदी कैसे पहुंची इसकी जानकारी होने पर जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन फानन में उसके कमरे की तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास 1100 रुपये बरामद किए गए। जांच में प्रथम दृष्ट या दोषी पाए जाने पर बीते बुधवार की रात डिप्टी जेलर कांति देवी और वार्डन संजय द्विवेदी पर कार्रवाई की गई। इस पूरे मामले की विभागीय जांच की जा रही है। जेल प्रशासन का कहना है कि अली से कोई मिलने नहीं आता है। कभी-कभी उसके अधिवक्ता उससे मिलने आते हैं। उसके पास नगदी कैसे पहुंची यह जांच का विषय है, जिस पर जांच की जा रही है। मंगलवार को आनन फानन में उसके कमरे की तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास 1100 रुपये बरामद किए गए। जांच में प्रथम दृष्ट या दोषी पाए जाने पर बीते बुधवार की रात डिप्टी जेलर कांति देवी और वार्डन संजय द्विवेदी पर कार्रवाई की गई। इस पूरे मामले की विभागीय जांच की जा रही है। जेल प्रशासन का कहना है कि अली से कोई मिलने नहीं आता है। कभी-कभी उसके अधिवक्ता उससे मिलने आते हैं। उसके पास नगदी कैसे पहुंची यह जांच का विषय है, जिस पर जांच की जा रही है।

## ईरान में फंसे 110 छात्रों की भारत वापसी

**नई दिल्ली।** युद्धग्रस्त ईरान में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंधु चलाया है। जिसके तहत 110 भारतीय छात्रों का पहला दल गुरुवार सुबह दिल्ली पहुंचा। सभी छात्र आर्मेनिया और दोहा के रास्ते गुरुवार सुबह दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। वतन वापसी पर सभी छात्रों ने खुशी जताई और भारत सरकार का आभार जताया। ईरान से स्वदेश लाए गए ज्यादातर छात्र जम्मू-कश्मीर के रहने वाले हैं।

जो छात्र गुरुवार तड़के दिल्ली पहुंचे हैं उनमें अधिकतर छात्र ईरान की उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे हैं। इस सभी छात्रों को पहले ईरान से आर्मेनिया और उसके बाद दोहा के रास्ते भारत लाया गया। बता दें कि ईरान और इजरायल के बीच पिछले सात दिनों से युद्ध जारी है। दोनों देश एक दूसरे पर लगातार हमले कर रहे हैं। जिसके चलते ईरान में भारतीयों की जान भी संकट में फंस गई है। ईरान में करीब 10 हजार भारतीय रहते हैं। इनमें से ज्यादातर छात्र हैं। जिन छात्रों को सुरक्षित वापस लाया गया है उन्हें पहले ईरान की राजधानी तेहरान से बाहर निकाल गया। छात्रों की वतन वापसी के लिए भारतीय दूतावास ने खास इंतजाम किए थे। छात्रों को लेकर विमान ने बुधवार शाम उड़ान भरी, लेकिन उनकी फ्लाइट गुरुवार तड़के करीब तीन घंटे की देरी से दिल्ली पहुंची। बता दें कि ईरान में फंसे भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंधु चलाया है। जिसके तहत ईरान के उत्तरी इलाके में फंसे 110 छात्रों को भारत लाया गया है। इन छात्रों को पहले सड़क मार्ग से ईरान से आर्मेनिया की राजधानी येरेवान लाया गया।



स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं विवेक खंडेलवाल मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक ए /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**
**RNI Registration No UPHIN/2021/88376**
**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**
E MAIL newsnextindia1@gmail.com
Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

## युद्ध के मैदान से नहीं निकल सकता समस्याओं का समाधान-मोदी

**जगरेब/नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने क्रोएशिया में कहा कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और लोकतंत्र के मूल्यों को बनाए रखने वाली सभी ताकतों के लिए खतरा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत और क्रोएशिया इस बात पर सहमत हैं कि चाहे यूरोप हो या एशिया, समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदानों से नहीं निकल सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है। क्रोएशिया के अपने समकक्ष आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद मीडिया को जारी एक संयुक्त बयान में मोदी ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक योजना बनाई जाएगी। मोदी ने कहा कि उन्होंने और क्रोएशिया के उनके समकक्ष ने द्विपक्षीय संबंधों को तीन गुना गति देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, हम इस बात पर सहमत हैं कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। आतंकवाद लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली ताकतों के लिए दुश्मन के समान है। हम इस बात पर सहमत हैं कि चाहे यूरोप हो या एशिया, समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदानों से नहीं पाया जा सकता है और बातचीत एवं कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है।



उनकी यह टिप्पणी पश्चिम एशिया में इजराइल और ईरान के बीच सैन्य टकराव बढ़ने के कारण उत्पन्न स्थिति के बीच आई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में दीर्घकालीन सहयोग के लिए एक रक्षा सहयोग योजना तैयार की जाएगी, जिस पर रक्षा उद्योग के साथ ही प्रशिक्षण और सैन्य आदान-प्रदान पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा, हमने द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने और विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया है।

मोदी ने कहा, हम औषधि, कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, डिजिटल प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देंगे। जहाज निर्माण और साइबर सुरक्षा में भी सहयोग बढ़ाया जाएगा। मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर प्लेंकोविक के साथ वार्ता को सार्थक बताया। उन्होंने कहा, हमारी बातचीत कई क्षेत्रों को लेकर हुई, जिसका उद्देश्य भारत-क्रोएशिया संबंध को और भी मजबूत बनाना था। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार एवं निवेश, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा, अंतरिक्ष, सांस्कृतिक सहयोग तथा लोगों के बीच परस्पर संबंध समेत द्विपक्षीय साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उसने बताया कि दोनों नेता इस पर सहमत हुए कि बुनियादी ढांचे, बंदरगाह और शिपिंग, डिजिटलीकरण, कृत्रिम मेधा, नवीकरणीय ऊर्जा, औषधि और पर्यटन एवं आतिथ्य जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के महत्वपूर्ण अवसर हैं। मंत्रालय ने बताया कि मोदी और प्लेंकोविक ने परस्पर हित के महत्वपूर्ण क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया
अपना ब्रज

गुरुवार, 19 जून, 2025 www.nnindianews.com

03

# बच्ची का बेरहम कातिल मुठभेड़ में हुआ घायल

**आठ साल की बच्ची का किया था कत्ल, शव बोरे में भरकर दीवार में दबाया**

- आरोपी की निशानदेही पुलिस ने बालिका का शव दीवार के बीच से किया बरामद

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** नारखी थाना क्षेत्र में गर्मी की छुट्टियों में नानी के घर आई पांचवीं की आठ वर्षीय छात्रा का शव बीती शाम एक मकान में बंद बोरे में मिलने से सनसनी फैल गई। आशंका है कि दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या की गई है। पुलिस ने हत्यारोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने बालिका के बोरे बंद शव को घर में ईंट की दीवार के बीच से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में आरोपी के परिवार के तीन अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। मृतका के मामा ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।



हाथरस जंक्शन थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली बालिका 27 मई को गर्मी की छुट्टियों में थाना नारखी क्षेत्र स्थित अपनी ननिहाल आई थी। 17 जून की शाम सात बजे वह अचानक लापता हो गई। परिजन तलाश कर रहे थे। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा तो पुलिस को जानकारी दी। बुधवार को पुलिस ने परिजन को साथ लेकर कई स्थानों पर खोजबीन की। बाद में परिजनों ने बताया कि बच्ची से एक युवक ने चाऊमीन मंगाई थी। पुलिस ने दो सौ मीटर दूर चाऊमीन ठेल लगाने वाले से जब पूछताछ की तो पता चला कि बच्ची सौ रुपये लेकर चाऊमीन लेने आई थी। इसके बाद पुलिस ने चाऊमीन मंगाने वाले युवक कौशल को हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ की गई तो कौशल ने बताया कि उसने ही गला दबाकर बच्ची की हत्या की है। शव को बोरे में भरकर घर में छिपाया है। पुलिस उसे लेकर घर पहुंची और ताला तोड़ा तो दो कमरे के घर में एक कमरे से लगी दीवार के सहारे लगे ईंट के चट्टे को हटाया तो ईंटों की दीवार की बीच में एक बोरा मिला, जिसमें बच्ची का शव मिला। बच्ची के गले में पड़ी सोने की चेन के बारे में आरोपी ने बताया कि उसने चेन बछगांव-रजावली मार्ग पर पेट्रोल पम्प के समीप छिपाई है। पुलिस उसे लेकर चेन बरामदी को गई तो आरोपी ने छिपाकर रखे तमंचे से पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से आरोपी के पैर लगी। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसएसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि मंगलवार से लापता बच्ची का शव ननिहाल के पास के ही मकान में बोरे में बंद मिला है। आरोपी ने ईंट की दीवार के बीच बोरे को छिपा रखा था। मामले में आरोपी और उसके परिवार के चार लोगों को हिरासत में लिया है। दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# टूंडला में ट्रैक्टर-बस भिड़ंत में एक की मौत, कई घायल

एनएनआई



**फिरोजाबाद।** टूंडला थाना क्षेत्र में बीती शाम उस समय कोहराम मच गया जब रोडवेज बस में ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। हादसे एक यात्री की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन से ज्यादा यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं मृतक के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पुलिस ने बताया कि आगरा फोर्ट डिपो की बस एटा की ओर जा रही थी। इसी दौरान टूंडला से एटा की ओर जा रही ईंटों से भरे ट्रैक्टर ट्राली ने रोडवेज बस में थाना रजावली के नगला सिकंदर के पास टक्कर मार दी। हादसे में रोडवेज के आगे का आधा हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। हादसे के वक्त बस में 48 सवारियां मौजूद थीं। हादसे में बिहार अररिया के रानीगंज निवासी मणिकांत (32) की मौत हो गई। जबकि प्रदोष निवासी टूंडला, देवराज निवासी रानीगंज बिहार, दलबीर निवासी रजावली गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सरकारी ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा सात अन्य सवारियां भी चोटिल हो गई हैं। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। वहीं घायलों को सरकारी ट्रेन सेंटर में भर्ती कराया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि ट्रैक्टर और रोडवेज बस की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बस और ट्रैक्टर को जब्त कर थाने भेज दिया गया है।

# सावधान ! सांप छोड़ रहे बिल...

## बारिश में बढ़ा जान का खतरा, 24 घंटे में 12 को सांप ने डसा

एनएनआई

**एटा।** सावधान! बारिश आते ही सांप बिल छोड़ बाहर आने लगे हैं। बिलों में पानी भरने से बाहर निकलकर लोगों की जान के लिए खतरा बन रहे हैं। एटा में 24 घंटे में 12 लोगों को सांपों ने डस लिया। मेडिकल कॉलेज में 10 लोगों का उपचार कर घर भेज दिया गया। जबकि सर्पदंश का शिकार दो लोगों का इलाज चल रहा है।

जिले में बारिश का दौर शुरू होते ही सांप बिल छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। बिलों में पानी भरने की वजह से सांप बिलों से बाहर निकलकर खेत, रास्तों और मकान में आ रहे हैं। यह सर्प बारिश और गर्मी से व्याकुल होकर या असुरक्षा की भावना से आसपास से गुजर रहे या सोते-बैठे लोगों को डस रहे हैं। पिछले 24 घंटे में मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में दर्जन भर लोग सर्प दंश का शिकार हुए। इनमें कुछ लोग ऐसे भी थे जो सांप के डसने के बाद झाड़-फूंक के प्रयास में भी रहे। जानकारों का मानना है कि बारिश में बिलों में पानी भरने से सांप बांबी छोड़कर जमीन के ऊपर आ जाते हैं।

मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी प्रभारी डॉ. माधवेंद्र ने बताया कि बारिश और गर्मी के चलते सर्प बिल से बाहर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि आंकड़े के मुताबिक यहां के 80 प्रतिशत सर्प विषविहीन होते हैं। 10 से 20 प्रतिशत सर्प ऐसे होते हैं जो इंसान को नुकसान पहुंचा सकते हैं। मेडिकल कॉलेज में पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध हैं। अभी तक कोई भी सर्पदंश का शिकार मरीज एएसवी की कमी की वजह से नहीं लौटा है।




### सर्प डस ले तो क्या करें

डॉ. माधवेंद्र के अनुसार सर्प अगर डस ले तो घबराएं नहीं बल्कि सावधानी से काम लें। जहां सांप ने डसा है उस जगह को अच्छे साफ पानी से धोएं। किसी प्रकार के ब्लेट आदि से उस जगह पर चीरा न लगाएं। इसके अलावा उस जगह के आसपास को कसकर भी न बांधे। सबसे पहले अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल या मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जिससे कि सही समय पर उपचार हो सके और मरीज की जान बचाई जा सके। किसी प्रकार की झाड़-फूंक करने वाले लोगों के पास मरीज को न ले जाएं, देरी जानलेवा हो सकती है।

### सभी पीएचसी-सीएचसी पर वेनम उपलब्ध

मेडिकल कॉलेज के अलावा जिले के सभी 8 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और 36 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध है। सभी को 20-20 वायल उपलब्ध कराई गई हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में लोग मरीज को सीधे मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचते हैं। कभी-कभी इसमें देरी होने पर जान का खतरा बन जाता है।

# विवेचना पूरी होने तक सेवानिवृत्त असलहा बाबू की गिरफ्तारी पर रोक

एनएनआई

**आगरा।** फर्जी लाइसेंस और अवैध शस्त्र मामले में सेवानिवृत्त असलहा बाबू संजय कपूर को हाईकोर्ट से विवेचना पूरी होने तक गिरफ्तारी से राहत मिली है। साथ ही हाईकोर्ट ने 90 दिन में जांच पूरी करने का दिया है। सेवा निवृत्त असलाह बाबू ने मुकदमा खारिज करने और गिरफ्तारी पर रोक के लिए याचिका दायर की थी। उनकी याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने जांच अधिकारी को 90 दिन का समय दिया है।

फर्जी शस्त्र लाइसेंस और अवैध शस्त्र की एसटीएफ की जांच के बाद दर्ज हुए केस में सेवानिवृत्त असलहा बाबू संजय कपूर को इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहत मिली है। विवेचना पूरी होने तक इनकी गिरफ्तारी पर रोक रहेगी। हालांकि विवेचना में सहयोग नहीं करने पर आदेश को वापस लेने के लिए हाईकोर्ट में आवेदन किया जा सकता है। वहीं इसी केस के 4 अन्य आरोपियों के मामले में सुनवाई 20 जून को होगी। एसटीएफ आगरा यूनिट के इंस्पेक्टर यतींद्र शर्मा ने 24 मई को नाई की मंडी थाने में

**हाईकोर्ट से सेवानिवृत्त असलहा बाबू को राहत**



धोखाधड़ी और आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत केस लिखाया था। इसमें मोहम्मद जैद खान, नेशनल शूटर मोहम्मद अरशद खान, शोभित चतुर्वेदी, राजेश कुमार बघेल, भूपेंद्र सारस्वत, शिव कुमार सारस्वत और सेवानिवृत्त एएलसी प्रथम संजय कपूर को नामजद किया था। आरोपियों में जिनके पास विदेशी हथियार हैं, उनके पास उनकी कोई खरीद की रसीद नहीं है। वे यह नहीं बता पा रहे हैं कि हथियार कहां से खरीदा और कितने का खरीदा था। कितने कारतूस इस्तेमाल किए गए। अब इसकी विवेचना इंस्पेक्टर एसटीएफ हुकुम सिंह कर रहे हैं इस मामले में सबसे पहले आरोपी शोभित चतुर्वेदी ने केस खारिज कराने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उनकी याचिका खारिज हो गई। सेवानिवृत्त असलहा बाबू संजय कपूर ने मुकदमा खारिज और गिरफ्तारी पर रोक के लिए याचिका दायर की थी। उनकी याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने जांच अधिकारी को 90 दिन का समय दिया है। विवेचक को इसी अवधि में जांच पूरी करनी है। विवेचक हुकुम सिंह ने साक्ष्य संकलन शुरू कर दिया है। आरोपियों को नोटिस जारी किए हैं।

उनसे कहा गया कि वे जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपने ऊपर लगे आरोपों के संबंध में साक्ष्य दें। उनके पास हथियारों की रसीद है तो दिखाएं। इतना ही नहीं जन्मतिथि को लेकर उनके ऊपर लगे आरोप के संबंध में साक्ष्य दें। जिन पर गलत शपथपत्र देकर लाइसेंस बनवाने का आरोप है वह बताएं कि उन्होंने ऐसा क्यों किया। विवेचक ने जिलाधिकारी कार्यालय से भी पत्राचार किया है। वहां से जांच पूरी करने के लिए कुछ रिकॉर्ड मांगे गए हैं।

# चरी के खेत से मिला बच्चे का शव

- खंदौली के पुरा लोधी गांव का मामला, फैली सनसनी
- घर से स्विमिंग पूल नहाने के लिए निकला था बच्चा

एनएनआई

**आगरा।** खंदौली के गांव पुरा लोधी में बुधवार शाम उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के बाहर चरी के खेत में एक दस वर्षीय बच्चे का शव बोरे में बंद मिला। मृतक की पहचान गांव के ही ओमप्रकाश के नाती किशन के रूप में हुई है। वह दोपहर में स्विमिंग पूल में नहाने गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा।

परिजनों के अनुसार किशन दोपहर करीब 2 बजे स्वीमिंग पूल के लिए घर से निकला था। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजन उसकी तलाश में निकले। जब स्विमिंग पूल पहुंचे तो वहां मौजूद लोगों ने कहाकि कोई बच्चा यहां नहाने नहीं आया। परिजन दिनभर इधर-उधर खोजबीन करते रहे। शाम करीब छह बजे गांव के बाहर खेत में एक बोरा पड़ा होने की सूचना मिली। जब परिजन मौके पर पहुंचे और बोरा खोला तो उसमें किशन का शव देखकर कोहराम मच गया। मां बेहोश हो गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। किशन के नाना ओम प्रकाश ने आरोप लगाया कि बच्चे को स्विमिंग पूल में ही मारा गया और फिर शव को बोरे में बंद कर खेत में फेंक दिया गया ताकि किसी को शक न हो। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने घटनास्थल और स्विमिंग पूल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि हर पहलू से जांच की जा रही है।

## आगरा मीनोपॉज सोसाइटी का आठवें दिन जारी रहा योग कार्यक्रम



**आगरा (एनएनआई)।** आगरा मीनोपॉज सोसाइटी के आठवें दिन के योग कार्यक्रम का आयोजन होटल एस.आर. पैलेस में किया गया। योग प्रशिक्षिका हिमांशी ने वार्म अप योग, चंद्र नमस्कार, विष्णु नमस्कार, सूर्यनमस्कार के बाद लचीलापन योग और प्राणायाम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 35 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। डॉ. कीया को सफल कार्यक्रम के लिए धन्यवाद। आगरा मीनोपॉज सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. संजना महेश ने बताया कि आगरा मीनोपॉज सोसाइटी ने आगरा के विभिन्न स्थानों पर 10 दिनों का योग कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें डॉक्टर, स्टाफ, एनजीओ, क्लब 35 के सदस्य और उनके परिवारों ने भाग लिया।

# एसीपी के कार्यक्षेत्रों में हुआ बदलाव

- जांच में लापरवाही को लेकर एसीपी सदर सुकन्या भेजीं सैंया
- एसीपी छत्ता हेमंत कुमार को दिया गया सदर सर्किल का चार्ज

एनएनआई

**आगरा।** जिले की कानून व्यवस्था और पुख्ता करने के लिए पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने चार एसीपी के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। कुछ समय पहले एसीपी सदर बनी सुकन्या शर्मा को अब सैंया सर्किल का चार्ज दिया गया है। उसके सर्किल के बदलने के पीछे पिछले दिनों सीओडी पुलिस चौकी में जनसुनवाई करने वाले व्यक्ति को सफाईकर्मी बताने वाला कारण माना जा रहा है।

पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने एसीपी एत्मादपुर पीयूष कांत राय को अब एसीपी छत्ता का चार्ज दिया है। एसीपी छत्ता हेमंत कुमार को सदर सर्किल भेजा गया है। वहीं, सदर सर्किल का चार्ज संभाल रहीं,




सुकन्या शर्मा को एसीपी सैंया बनाया गया है। एसीपी सैंया देवेश कुमार को एसीपी एत्मादपुर बनाया गया है। आगरा के सदर थाने की सीओडी चौकी पर प्राइवेट व्यक्ति के जनसुनवाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। शिकायतकर्ता ने एक्स पर फोटो पोस्ट किया था।

इस पर पुलिस की ओर से जवाब दिया गया कि वह पुलिस चौकी का सफाई कर्मी है। हालांकि लोगों का कहना था कि वो व्यक्ति स्थानीय नेता था। इस मामले को लेकर डीजीपी ने अधिकारियों से जानकारी ली थी। माना जा रहा है कि जब ये मामला सामने आया तो एसीपी द्वारा गंभीरता से इसकी जांच नहीं की गई। अब इस कारण ही उनके सर्किल को बदला गया है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

**– प्रबंधक विज्ञापन**

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# तेज रफ्तार कार ने कई मीटर हवा में उछला साइकिल सवार, मौत

**देवरी रोड की घटना, पुलिस मामले की जांच में जुटी**

एनएनआई

**आगरा।** देवरी रोड पर मंगलवार देर रात लाल रंग की एक तेज रफ्तार लग्जरी कार ने सड़क पार कर रहे साइकिल सवार सिक्योरिटी गार्ड को टक्कर मारकर कई मीटर ऊपर तक उछाल दिया। हादसे में साइकिल सवार गार्ड की मौके पर ही मौत हो गई। सीसीटीवी कैमरे में कार चंद सेकंड ही नजर आई है। घटना का वायरल वीडियो अब सामने आया है। लग्जरी कार चालक के सड़क पर सिक्योरिटी गार्ड को उड़ाने की घटना का वीडियो दहशत में डालने वाला है। खेड़ा पंचगाई, ताजगंज निवासी सत्यप्रकाश (50) फतेहाबाद रोड स्थित एक पांच सितारा होटल में




सिक्योरिटी गार्ड थे। भाई महेशचंद ने बताया कि रात करीब 10 बजे साइकिल से घर लौट रहे थे कि तभी देवरी रोड पर अचानक लाल रंग की कार हवा की रफ्तार से आई और सत्यप्रकाश को साइकिल समेत उड़ा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वह कई मीटर तक हवा में उछले और जमीन पर आ गिरे। इससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना का फुटेज वायरल हो रहा है। सत्यप्रकाश के दो बच्चे हैं। हादसे के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। मंगलवार को हुई घटना का वीडियो आज वायरल हुआ है। इस मामले में अज्ञात कार चालक के विरुद्ध तहरीर दी गई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के आधार पर कार की तलाश कर रही है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि देवरी रोड पर आए दिन तेज रफ्तार वाहनों का आतंक रहता है। सुबह और शाम के समय बिना किसी ट्रैफिक नियंत्रण के गाड़ियां तेज रफ्तार से दौड़ती हैं। लोगों ने इस क्षेत्र में स्पीड ब्रेकर और पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की है।

## बाइक सवार को एक किमी तक घसीटता ले गया ट्रक, हेलमेट ने बचाई जान

**आगरा (एनएनआई)।** ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में मंडी समिति के पास आगरा-फिरोजाबाद हाइवे पर बुधवार शाम ट्रक ने बाइक को चपेट में ले लिया। बाइक को एक किमी तक घसीटता ले गया, लेकिन हेलमेट लगाए होने से बाइक सवार की जान बच गई। हादसा शाम करीब सात बजे हुआ। कालिंदी विहार निवासी अमीरचंद बाइक से कपड़ों का थैला लेकर जीवनी मंडी गोदाम की ओर जा रहे थे। मंडी समिति के समीप फिरोजाबाद की ओर से आ रहे ट्रक ने अमीरचंद को चपेट में ले लिया। वह उछलकर दूर जा गिरे और बाइक ट्रक के अगले पहियों में फंस गई। चालक ने ट्रक को नहीं रोका। राहगीरों ने शोर मचाया, लेकिन ट्रक चालक करीब एक किलोमीटर बाद जाकर रुका। तब बाइक को निकाला गया। घायल बाइक सवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हेलमेट होने के कारण बाइक सवार की जान बच गई।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना आगरा

गुरुवार, 19 जून, 2025 www.nnindianews.com





- शहर के हर चौराहे पर ऑटो और ई-रिक्शा चालकों का कब्जा
- बीच सड़क पर ऑटो खड़ा कर भरते हैं सवारियां, ट्रैफिक जाम
- यातायात पुलिस उगाही में है मस्त, राहगीर हो रहे हैं हल्कान

# चौराहों पर ऑटो चालकों की मनमर्जी का जाम

**आगरा।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में ऑटो चालक सबसे बड़ी बाधा बन रहे हैं। खास बात यह है कि शहर हर चौराहे-तिराहे पर ट्रैफिक पुलिस तैनात होने के बावजूद ऑटो चालक सवारी देखते ही कही भी गाड़ी रोक देते हैं। यह नजारा यातायात पुलिस भी मूक दर्शक बनकर देखती रहती है। इसके अलावा ऑटो चालक सहित अन्य वाहन चालकों का जहां मन हुआ, वहां वाहन खड़े करके बातचीत में लग जाते हैं। इस कारण से ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है।

शहर में ऑटो और ई-रिक्शा चालकों में सवारी को लेकर मारामारी की स्थिति रहती है। पहले सवारी बैठाने के चक्कर में वाहन चालक कहीं पर भी खड़े हो जाते हैं। ट्रैफिक के नियम का कोई पालन नहीं करता। हर मुख्य सड़क पर दोनों ओर वाहन का आना जाना रहता है। ऐसे में जैसे ही ऑटो खड़ा होता है तत्काल ट्रैफिक जाम की स्थिति पैदा हो जाती है।



## इन चौराहों पर समस्या अधिक

आमतौर पर सुबह से लेकर रात तक सवारियां निकलती हैं। शहर के सबसे व्यस्ततम चौराहे पर बिजलीघर, भगवान टाकीज, सिकंदरा, शास्त्रीपुरम चौराहा, वाटर वर्क्स, रामबाग, सेंट जौंस, शाहगंज, लोहामंडी चौराहा सहित अन्य चौराहों और तिराहे पर ऑटो और ई-रिक्शा चालकों का जमावड़ा हो जाता है। सबसे अहम बात यह है कि इन स्थानों पर सवारी को देखते ही ऑटो और ई-रिक्शा चालक अपनी गाड़ी सवारी बैठाने के लिए बीच सड़क पर रास्ता रोक कर खड़े हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में जाम के हालात पैदा हो जाते हैं।

## ट्रैफिक पुलिस उदासीन

जहां मन किया वहीं ऑटो चालक और ई-रिक्शा चालक अपने वाहन खड़ा कर देते हैं। ऐसे में जहां हादसों का डर बना रहता है। वहीं जाम के हालात पैदा हो जाते हैं। चौराहा पर चारों तरफ की सड़कों पर ऑटो खड़े रहते हैं। इन सब नजारों को ट्रैफिक पुलिस देखती भी रहती है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ भी नहीं हो रहा है। ट्रैफिक पुलिस यातायात नियमों का पालन कराने के लिए ही तैनात की जाती है, लेकिन उसका ध्यान नियमों का पालन कराने में कम ओर उगाही में ज्यादा रहता है। इसी के चलते नियमों का पालन नहीं हो रहा है। वाहन चालक बेखौफ होकर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए फर्राटा भरते हैं।



## पहले बना ड्रेस कोड

यातायात पुलिस द्वारा शहर में ऑटो चालकों के लिए कई बार ड्रेस कोड लागू किया गया था, लेकिन कुछ दिन तो इनका पालन हुआ और फिर वही ढर्रा शुरू हो गया। सड़कों पर फरार्टा भरने वाले अधिकांश ऑटो चालकों द्वारा लापरवाही तरीके से ऑटो दौड़ाया जाता है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा इन ऑटो और ई-रिक्शा चालकों में कुछ नाबालिग भी फर्राटा भरकर हादसों को आमंत्रण दे रहे हैं।

## जिम्मेदार कार्रवाई करें तो होगा नियमों का पालन

जागरुक लोगों का कहना है कि यातायात के नियमों का पालन यदि ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहर के ई-रिक्शा और ऑटो चालकों को कराया जाए, तो शहर की यातायात व्यवस्था सुधर सकती है। पैदल चल रहे राहगीरों को आवाज लगाते हुए बीच सड़क ही ऑटो और ई-रिक्शा चालक अपने वाहन खड़ा कर देते है, जिससे जाम लग जाता है। राहगीर और दो पहिया वाहन चालक इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कि आखिर वह निकलें तो कहां से निकलें?

## ट्रैफिक पुलिस ऑटो चालकों पर नहीं करती कार्रवाई

शहर की यातायात व्यवस्था ऑटो और ई-रिक्शा के कारण बिगड़ी हुई है। इस कारण हर दिन चौराहों से लेकर बाजार के मुख्य रास्तों पर ट्रैफिक जाम के हालात बने रहते हैं। पुलिस को ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई करने के बजाए अनदेखी किए रहती है। नतीजतन ऑटो और ई-रिक्शा चालक बेखौफ होकर मनमाने तरीके से जहां-तहां खड़े होकर यातायात में अवरोध पैदा करते हैं।

## फ्लाई ओवर पर खड़ी रहती हैं बसें

रामबाग फ्लाई ओवर पर सरकारी और प्राइवेट बस चालकों ने भी कब्जा जमा रखा है। आईएसबीटी से फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, इटावा, कानपुर और लखनऊ के लिए जाने वाली बसों ने भी सवारियां भरने के लिए अपनी मर्जी का अड्डा बना लिया है। आलम यह हो जाता है कि फ्लाई ओवर कट पर एक के पीछे एक बसें आकर खड़ी हो जाती हैं। इस चलते कई बार हादसे हो चुके हैं, लेकिन बस चालक मानने को तैयार नहीं और जिम्मेदार अधिकारी इनके खिलाफ कुछ करने के लिए तैयार नहीं होते।

## फुटपाथ पर सजा कमाई का अवैध बाजार

रामबाग चौराहे पर बने फुटपाथ पुलिस की अवैध कमाई का जरिया बने हुए हैं। पुलिस की शह पर फुटपाथों पर अवैध बाजार सजा हुआ है। पैदल चलने वालों के लिए जगह नहीं है। इनसे हर माह मिलने वाली विटामिन "एम" के चलते पुलिस भी गांधी जी के बंदर बन कर बैठ जाती है। पुल के दोनों तरफ फुटपाथ अवैध कमाई के ठिकाने बन गए हैं। पान, बीड़ी की दुकानों से लेकर पेठे और नर्सरी तक सजी हुई हैं। ऐसा ही नजारा रामबाग डिवीजन चौकी के सामने नजर आता है। जहां टोपी, बेल्ट और जूते-चप्पलों के फड़ सजे हुए हैं। इनके चलते जाम के झाम से मुक्ति पाना संभव नहीं?

## रामबाग फ्लाईओवर बना अवैध ऑटो स्टैंड

रामबाग चौराहा फ्लाई ओवर के सर्विस रोड पर ऑटो चालकों के अवैध कब्जे से राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऑटो चालकों की मनमानी के चलते यहां पूरे दिन जाम के हालात बने रहते हैं। फ्लाई ओवर से लेकर वाटर बॉक्स चौराहे की ओर यमुना नदी के ऊपर जाने वाले



रास्ते पर भी ऑटो चालकों का जमावड़ा रहता है। हालात यह हैं कि बसों से उतरने वाली सवारियों को बैठाने के लिए ऑटो चालक खींचातानी तक कर देते हैं। पुलिस के अभियान के दौरान कुछ समय के लिए ऑटो चालक गायब हो जाते हैं, लेकिन कुछ समय बाद हालात फिर से जस के तस हो जाते हैं। कुछ समय पहले यहां यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन ऑटो चालक को वहीं जमे हैं पर ट्रैफिक पुलिस नदारद हो गई है। यही वजह है कि रामबाग सर्विस रोड भारी और हल्के वाहन चालकों को हर समय जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। फ्लाई ओवर सुगम यातायात के लिए बनाया गया था, लेकिन उस पर कब्जा ऑटो चालकों ने जमा रखा है। यही वजह है कि यहां पर अक्सर हादसे होते हैं।

# खेरिया एयरपोर्ट पर विकास की रफ्तार तेज

## नए टर्मिनल का जुलाई 2026 तक होगा निर्माण पूर्ण





- खेरिया एयरपोर्ट पर एयरपोर्ट सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक
- केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने दिए विकास कार्यों को गति देने के निर्देश

एनएनआई

**आगरा।** केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल की अध्यक्षता में बुधवार को खेरिया एयरपोर्ट पर एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के बाद मंत्री ने निर्माणाधीन सिविल टर्मिनल, धनौली का निरीक्षण भी किया। बैठक में शंख एयरलाइंस की सेवाओं का विस्तार गुवाहाटी, शिलांग, कोलकाता, जम्मू, सूरत और चेन्नई जैसे शहरों तक करने का सुझाव रखा गया। वहीं, धनौली स्थित नए सिविल एन्क्लेव की एप्रोच रोड जल्द बनाने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए गए। महाप्रबंधक अनूप चंद्र श्रीवास्तव ने प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रोजेक्ट की प्रगति बताई और इसे जुलाई 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया। केंद्रीय मंत्री ने सीएसआर फंड से एयरपोर्ट पर गोल्फ कार्ट सुविधा व यात्रियों के वेटिंग लाउंज का नामकरण शहीद पृथ्वी सिंह चौहान के नाम पर करने का प्रस्ताव भी रखा, जिसे समिति ने पारित किया। धनौली गांव को नगर निगम क्षेत्र में लाने का भी प्रस्ताव पारित किया गया ताकि एयरपोर्ट क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि नए टर्मिनल में 1400 यात्रियों की क्षमता, मल्टीलेवल पार्किंग, 19 चेक-इन काउंटर, डिजी यात्रा, सेल्फ चेक-इन, 9 विमानों की पार्किंग, सोलर प्लांट और 33 एव चार्जिंग पॉइंट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी।

# राधारानी प्राकट्योत्सव पर भावविभोर हुआ अग्रसेन भवन, गूंजे 'राधे-राधे' के जयघोष



- विश्व मंगल परिवार सेवा संस्थान की कथा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

एनएनआई

**आगरा।** लोहामंडी स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में राधारानी के प्राकट्योत्सव के अवसर पर मंगलवार को भक्ति और उल्लास का अनुपम संगम देखने को मिला। विश्व मंगल परिवार सेवा संस्थान द्वारा आयोजित श्री राधा माधव रसामृत कथा के दूसरे दिन लाड़ली जूं सरकार के जयघोषों से माहौल भक्तिमय हो गया। कथा व्यास देवी महेश्वरी श्रीजी ने कहा कि राधा-माधव का प्रेम युगों से संपूर्ण ब्रह्मांड को प्रेम, समर्पण और भक्ति का संदेश देता आया है। राधा के प्राकट्य से ब्रजभूमि पावन हुई और वृंदावन के कण-कण में राधा का वास हो गया। उन्होंने कहा, 'प्रेम में मांग नहीं, केवल समर्पण होता है।' कथा के दौरान जब 'बरसाने में देखा बांग्ला...' और 'जहां बिराजे राधारानी...' जैसे भजन गूंजे, तो श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य करने लगे। भक्तों ने 'राधे-राधे' के जयकारों के साथ एक-दूसरे को राधारानी के प्राकट्योत्सव की शुभकामनाएं दीं। कथा के मुख्य यजमान किशोर तिवारी एवं करुणा तिवारी रहे। मंच संचालन प्रतिभा जिंदल व आरती की व्यवस्था अनीता नेचुरल द्वारा की गई। कथा का समापन गुरुवार को होगा।

# फाटक नंबर 77 पर बन रहा आरओबी, शहर को जाम से मिलेगी राहत



एनएनआई

**आगरा।** मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल के निर्देशन में शहर में समपार फाटक संख्या-77 पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण तेजी से प्रगति पर है। पिलर व पाइल केज (फाउंडेशन) का कार्य जारी है। इस आरओबी के साथ ही फाटक संख्या 75 व 496 पर भी ब्रिज बनाए जा रहे हैं। इन फ्लाईओवरों के बनने से क्षेत्रीय नागरिकों, स्कूली बच्चों और यात्रियों को जाम से राहत मिलेगी। लगभग 116.57 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह आरओबी जून 2026 तक पूरा होने की संभावना है। रुई की मंडी क्षेत्र में वर्षों से आरओबी की मांग की जा रही थी। इसके बनते ही तीन रेलवे क्रॉसिंग समाप्त हो जाएंगी और यातायात सुगम हो जाएगा। शाहगंज की ओर जाने वाला ट्रैफिक काफी हद तक कम होगा तथा बोदला जयपुर की ओर जाने वाले वाहन ही शाहगंज बाजार से गुजरेंगे। रेलवे की दीर्घकालिक योजना के अनुसार शहर में सभी रेल फाटकों को समाप्त किया जाएगा। यह पहला आरओबी है, जिसमें सड़क यात्रियों के तीन तरफ से चढ़ने-उतरने की सुविधा दी जा रही है। इससे स्थानीय दुकानदारों व खरीददारों को भी लाभ मिलेगा।

# 50% महिला भागीदारी से ही साकार होगा आत्मनिर्भर भारत का सपना : विजया रहाटकर

### डावर फुटवियर यूनिट में 'शक्ति संवाद' कार्यक्रम के तहत महिला कर्मचारियों से की मुलाकात

एनएनआई

**आगरा।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने बुधवार को डावर फुटवियर यूनिट का दौरा किया और 'शक्ति संवाद - महिला कर्मियों की बात' कार्यक्रम के तहत फैक्ट्री में कार्यरत महिला कर्मचारियों से संवाद किया।




उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी पूरा होगा जब महिलाओं की उद्योगों में भागीदारी 50% तक होगी। उन्होंने बताया कि जूता उद्योग, फैशन व कपड़ा उद्योग के बाद देश का सबसे तेजी से उभरता क्षेत्र है, जिसमें रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। भारत में प्रति व्यक्ति दो से तीन जोड़ी फुटवियर की खपत को देखते हुए इस क्षेत्र की निरंतर प्रगति निश्चित है। उन्होंने जनधन योजना, मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया जैसी केंद्र सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आज महिलाएं ड्रोन उड़ा रही हैं और 'लखपति दीदी' बन आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम में डीसीएफएलआई चेयरमैन पूरन डावर ने दक्षिण भारत में महिलाओं की 85% भागीदारी का उदाहरण देते हुए उत्तर भारत में इसे बढ़ाने की आवश्यकता जताई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. बबिता चौहान, आयोग सदस्य डेलिना खोंगदुप, संयुक्त सचिव बी. राधिका चक्रवर्ती, त्रिशूली क्रिएशंस की श्रुति कौल और पल्लवी महाजन सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

Rashtra Deep
Restaurants
Fully Air Conditioned
A/C BANQUET HALL FOR :-
BIRTHDAY KITTY PARTIES &
FAMILY FANCTIONS


NH-2, 15 K.M. Stone, Indian Oil Petrol Pump Premises,
Etmadpur, Agra, Mob :- 9563906777, 9568504777

# भक्ति भाव से सजेगा बल्केश्वर महादेव मेला, भक्तों को नहीं होगी कोई असुविधा

## समिति गठन के साथ तैयारियां शुरू

एनएनआई




**आगरा।** सावन के दूसरे सोमवार को लगने वाले ऐतिहासिक बल्केश्वर महादेव मेले की तैयारियां श्रद्धा और उत्साह के साथ आरंभ हो गई हैं। बुधवार को अतिथिवन में बल्केश्वर महादेव मेला समिति का गठन कर पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि लाखों श्रद्धालुओं की आस्था के प्रतीक इस मेले को सेवा, भक्ति और एकजुटता के साथ भव्य और दिव्य स्वरूप दिया जाएगा। मेला क्षेत्र में सफाई, सुरक्षा और चिकित्सा जैसी व्यवस्थाएं प्रशासनिक सहयोग से समय रहते पूर्ण की जाएंगी। घोषणा की गई कि झूलों के रेट सामान्य जनता की पहुंच में रहेंगे और रेट लिस्ट स्पष्ट रूप से अंकित की जाएगी।

समिति में महेश निषाद अध्यक्ष, ब्रह्मा गुप्ता और संजय श्रीवास्तव महामंत्री, निखिल गोयल कोषाध्यक्ष और मेला प्रभारी विमल गुप्ता बनाए गए। संयोजक पद की जिम्मेदारी मुरारी लाल गोयल, हरिओम गोयल और पूजा बंसल को मिली। संरक्षक मंडल में ताराचंद मित्तल, कुंदनिका शर्मा, बंगालीमल अग्रवाल सहित कई प्रमुख नाम शामिल हैं।

कार्यक्रम का संचालन पार्षद मुरारी लाल गोयल ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सेवा के संकल्प के साथ लॉयंस क्लब ने बढ़ाया महिला बंदियों का हौसला

एनएनआई



**आगरा।** महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए लॉयंस क्लब प्रयास ने जिला कारागार में निरुद्ध 119 महिला बंदियों और उनके साथ रह रहे 10 बच्चों के लिए आवश्यक सामग्री भेंट की। क्लब अध्यक्ष अशु मित्तल के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में दो एयर कूलर, दो वाटर कूलर, एक सेनेटरी वेंडिंग मशीन, 300 सेनेटरी नैपकिन के पैकेट और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं प्रदान की गईं। इस अवसर पर महिला बंदियों ने शिक्षिका रितु गर्ग के निर्देशन में तैयार की गई प्रेरक प्रस्तुति दी और कौशल विकास से जुड़ी गतिविधियों का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जेल अधीक्षक हरिओम शर्मा ने क्लब के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य बंदियों के जीवन में सकारात्मक सोच और आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में जेलर नागेश सिंह, प्रीति शर्मा और शालू संगल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। क्लब की सक्रिय सदस्य डॉ. परिणीता बंसल, मयूरी मित्तल, मीनाक्षी मोहन, रचना अग्रवाल, शीनू कोहली और मोनिका गोयल ने सेवा कार्य में सहभागिता निभाई।

# आनंद और आत्मसाक्षात्कार का मार्ग है योगः त्यागी

## आंबेडकर विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के हिंदी एवं भाषाविज्ञान विद्यापीठ द्वारा 18 जून को ज्ञान और अनुभव का संगम झ योग" विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी (हाइब्रिड मोड) का आयोजन जुबली हॉल, पालीवाल पार्क में किया गया। कार्यक्रम कुलपति प्रो. आशु रानी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कुलपति ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताया और कहा कि योग जीवनशैली का आवश्यक हिस्सा बनना चाहिए।

मुख्य वक्ता कनाडा से आचार्य संदीप त्यागी 'दीप' ने कहा कि योग आनंद और आत्मसाक्षात्कार का मार्ग है। यूके से आचार्य अभि योगी ने योग की नाड़ी प्रणाली और अष्टांग योग की वैज्ञानिकता को समझाया। डॉ. यादराम शर्मा, डॉ. नेहा चौधरी, डॉ. निशीथ गौड़ व डॉ. राजश्री ने योग के व्यावहारिक, मानसिक और डिजिटल पहलुओं पर प्रकाश डाला। कवि रामेन्द्र शर्मा 'रवि' की ब्रजभाषा कविता ने श्रोताओं को भावविभोर किया। समन्वयक प्रो. प्रदीप श्रीधर ने योग को आत्मिक जागरण का साधन बताया। संचालन डॉ. वर्षा रानी व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. केशव शर्मा ने किया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में विद्वानों, शोधार्थियों व छात्रों ने भाग लिया।

# भवन निर्माण की मंजूरी अब होगी आसान, एडीए ने लॉन्च किया 'एनओसी पोर्टल'

## मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किया पोर्टल का शुभारंभ

**आगरा (एनएनआई)।** आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) ने भवन निर्माण की मंजूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। बुधवार को मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने 'एनओसी पोर्टल-एक डिजिटल समाधान' का शुभारंभ किया, जिसके माध्यम से अब शहरवासी घर बैठे ही भवन निर्माण की स्वीकृति व अवैध निर्माण के नियमितीकरण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस पोर्टल की विशेषता यह है कि आवेदनकर्ता अपनी




फाइल की स्थिति को प्रत्येक चरण पर ट्रैक कर सकेगा। साथ ही, सभी संबंधित विभागों को इस प्लेटफॉर्म पर जोड़ा गया है और विभागों को ईमेल द्वारा भी सूचित किया जाएगा। एनओसी के निस्तारण के लिए 30 दिन की समयसीमा निर्धारित की गई है। समयसीमा के भीतर कार्रवाई न होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। यह डिजिटल पहल न सिर्फ प्रक्रिया को पारदर्शी बनाएगी, बल्कि आमजन को कार्यालयों के चक्कर लगाने से भी राहत दिलाएगी।

# बिजली कटौती के खिलाफ आम आदमी पार्टी का हल्लाबोल, सौंपा ज्ञापन



**आगरा (एनएनआई)।** बिजली संकट और घंटों तक जारी पॉवर कट के विरोध में आम आदमी पार्टी ने बुधवार को ज़िला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। आप के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर हुए इस प्रदर्शन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष पंडित सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने किया। प्रदर्शन के उपरांत राज्यपाल के नाम ज्ञापन डीएम अरविंद मल्लप्पा बांगरी को सौंपा गया। ब्रज प्रांत अध्यक्ष डॉ. हृदेश चौधरी ने कहा कि लगातार बढ़ रही बिजली दरों के बीच घंटों बिजली कटौती से आम जनता त्रस्त है। चिलचिलाती गर्मी में बिजली गायब रहने से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बच्चों की पढ़ाई, पानी की आपूर्ति और व्यापार सब प्रभावित हो रहे हैं। पंडित सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि किसानों को सिंचाई में दिक्कत आ रही है, जिससे फसलें खराब हो रही हैं। उन्होंने निजी कंपनियों द्वारा मनमानी रीडिंग और फर्जी बिलिंग पर भी सरकार को घेरा। आप ने सरकार से 24 घंटे बिजली की आपूर्ति, किसानों के लिए राहत और बिजली बिलिंग में पारदर्शिता की मांग की। विरोध में यतिनंदन आर्य, रमजान अब्बास, कृष्ण गोपाल उपाध्याय समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

# आंबेडकर विवि में योग मैराथन, स्वस्थ समाज की ओर बढ़ाया कदम

## वन अर्थ वन हेल्थ थीम पर आयोजित पदयात्रा में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अधिकारियों ने लिया भाग

एनएनआई




**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अंतर्गत 18 जून को 'योग मैराथनः स्वस्थ समाज की ओर बढ़ते कदम' का आयोजन किया गया। यह योग पदयात्रा प्रातः 6 बजे स्वामी विवेकानंद परिसर, खंदारी से शुरू होकर दीवानी चौराहा, महात्मा गांधी रोड, संजय प्लेस होते हुए विश्वविद्यालय के पालीवाल पार्क परिसर तक आयोजित हुई, जिसकी कुल दूरी लगभग 3.5 किमी रही। योग मैराथन का शुभारंभ कुलपति प्रो. आशु रानी ने स्वामी विवेकानंद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं हरी झंडी दिखाकर किया। समापन पालीवाल पार्क परिसर में हुआ, जहां कुलपति ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने योग को वैज्ञानिक पद्धति बताते हुए इसे जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. मनु प्रताप सिंह ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि संतुलित जीवनशैली का मार्ग है। इस यात्रा में शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं एनएसएस, एनसीसी, फिजिकल एजुकेशन के छात्र-छात्राओं ने हाथों में स्लोगन लेकर योग, स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकों, अधिकारियों व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# श्मशान घाट निर्माण में वन विभाग बना रोड़ा

एनएनआई



**पिनाहट।** नगर पंचायत द्वारा पिनाहट में श्मशान घाट बनाने के लिए कई वर्षों से चली आ रही भूमि की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। दान की भूमि की समस्या का समाधान होने के बाद खुदाई का काम चालू होते ही वन विभाग ने अपनी जमींन? बताकर काम रुकवा दिया है नगर पंचायत द्वारा पिनाहट में श्मशान घाट बनना स्वीकृत हो चुका है इसके लिए दो बर्ष पूर्व जमीन भी दान में मिल चुकी है शासन से निर्माण के लिए पैसा भी नगर पंचायत के खाते में आ चुका है। किन्तु फिर भी श्मशान घाट बन? नही पा रहा है दो वर्षों से यहां दान में मिली जमीन को राजस्व विभाग चिन्हित नहीं कर पाया था। 11 जून को तहशीलदार बाह आशीष त्रिपाठी की टीम ने जमीन चिह्नित कर श्मशान घाट निर्माण का रास्ता खोल दिया था। बुधवार को जब चिन्हित जमीन पर नगर पंचायत अध्यक्ष रामरती देवी और उनके पति आजाद बाबू समेत नगर पंचायत की टीम नायब तहसीलदार दयानंद पौरुष और राजस्व टीम जमीन की खुदाई करने के लिए मौके पर पहुंचे तो वन विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों ने आकर खुदाई के काम को रुकवा दिया। जिसमें वन विभाग ने तर्क दिया कि जिस जमीन? पर श्मशान घाट बनने जा रहा है। उसमें कुछ जमीन वन विभाग की है। वन विभाग की जमीन? को छोड़कर निर्माण कार्य शुरू किया जाए। जिसके बाद सभी लोग आज गुरुवार को मौके पर अपनी अपनी टीमों के साथ आकर पैमाइश करने की बात कही है। वहीं नगर? पंचायत अध्यक्ष रामरती देवी ने बताया कि जहां वन विभाग की जमीन पर खुलेआम अवैध कब्जा हो रहा है। वो? वन विभाग को दिखाई नहीं दे? रहा है।? अच्छे काम में रोडा अटका रहा है। वहीं रेंजर बाह उदय प्रताप सिंह ने बताया कि वन विभाग की जमीन को पैमाइश कराकर छोड़ दिया जाए। हम वन विभाग की जमीन पर? कोई निर्माण नहीं होने देंगे।

# शॉर्ट सर्किट से रातभर अंधेरे में डूबे रहे तीस गांव

एनएनआई

**पिनाहट।** विद्युत आपूर्ति ठप्प होने के कारण तीस गॉव रातभर अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए। मंगलवार रात करीब दस बजे हल्की बारिश के साथ तेज हवाओं के कारण आपस में टकराकर अरनोटा बिजलीघर से गांवों में सप्लाई को जाने वाली एसटी लाइन के तार आपस में टकरा कर शोर्ट सर्किट हो गया। जिससे अरनोटा, बसई अरेला, मानिकपुरा, नगला भरी, कांकरखेडा,बसई भदौरिया, मिलिक, मनसुखपुरा, बाखर समेत करीब तीस गांव की सप्लाई बाधित हो गयी। जो बुधवार सुबह आठ बजे सुचारू हो पाई है। इस दौरान इन सभी गांवों में रातभर अंधेरा छाया रहा है। वही रातभर लोग गर्मी से परेशान होते रहे हैं। सुबह पेयजल संकट भी छाया रहा ग्रामीणो में विद्युत विभाग के प्रति भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का मानना है। कि लाइनों को सही करना विभाग का काम है।

बिल जमा नहीं होने पर विभाग सप्लाई काट देते हैं। मुकदमा तक लिखवाते हैं। किन्तु लाइनों को सही करने का काम नहीं करते हैं। विभाग अपना काम ठीक से नहीं कर रहा है। संविदा कर्मी जरा जरा से काम के मनमाने पैसे वसूलते हैं।

इस दौरान-सुभाष प्रधान, ललित पाराशर, धर्मेंद्र पाराशर, सुनील शर्मा, राजेश शर्मा, गिरधारी पाराशर, शिवकुमार पचौरी,अल्लू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा विभाग की मेहरबानी से संचालित हो रहा मानकविहीन स्कूल



**मान्यता के मानक पूरे नहीं होने पर भी शिक्षा विभाग ने दे दी मान्यता**

मैनपुरी (एनएनआई)। बेवर विकास खंड क्षेत्र के गांव छिनकौरा स्थित एक विद्यालय की मान्यता शिक्षा विभाग ने बिना मानक पूरे किए ही प्रदान कर दी,जबकि स्कूल परिसर में कक्ष भी पूरे नहीं थें और न ही छात्राओं के लिए शौचालय की व्यवस्था थी एक अधिवक्ता की शिकायत पर खंड शिक्षा ने बिना जांच के आधार पर झूठी आख्या लगा दी जबकि यह विद्यालय मानकों को पूरा नहीं कर रहा है। बेवर विकास खंड क्षेत्र के गांव छिनकौरा निवासी अधिवक्ता उत्कर्ष कुमार ने अप्रेल माह में मुख्यमंत्री शिकायत पोर्टल पर एक शिकायत की थी कि बेवर क्षेत्र के गांव छिनकौरा में एक विद्यालय को शिक्षा विभाग द्वारा मानको को ताक पर रखकर प्राथमिक विद्यालय की मान्यता प्रदान की गई है। इस मान्यता के लिए स्कूल परिसर में कक्ष भी पूरे नहीं है और न ही शौचालय की व्यवस्था है। उन्होंने मामले की जांच कराकर मान्यता समाप्त करने की मांग की थी जिसकी जांच बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी बेवर को सौंपी गई। लेकिन इसकी जांच बीईओ ने कोई स्थलीय निरीक्षण नहीं किया शिकायतकर्ता ने एक बार फिर मामले की शिकायत डीएम से करते हुए कहा है कि खंड शिक्षा अधिकारी को जांच सौंपने के बाद उन्होने स्कूल का स्थलीय निरीक्षण नहीं किया और ना ही शिकायतकर्ता से संपर्क किया और स्कूल के प्रबंधक से संपर्क करने के बाद गलत जांच करते हुए शिकायत पर झूठी आख्या लगा दी जबकि स्कूल मान्यता के मानक पूरे नहीं कर रहा है। फिर भी शिक्षा विभाग स्कूल पर मेहरबान हो रहा है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से गलत जांच करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि यह मामला अभी तक संज्ञान में नहीं है। विद्यालय की गहनता पूर्वक जांच कराई जाएगी जांच में जो भी तथ्य सामने आयेंगे उसके अनुसार मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी अगर स्कूल मान्यता के मानक पूरे नही करता है तो विद्यालय की मान्यता रदद् करते हुए दोषियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# पांटून पुल हटने से कल से बंद हो जाएगा आवागमन



**बाह** (एनएनआई)। चंबल नदी के कैंजराघाट पर बने पांटून पुल पर शुक्रवार से आवागमन बंद हो जाएगा। भिंड,मुरैना और बाह के सौ से ज्यादा गांवों के लोगों को अपनी यात्रा पूरी करने के लिए 60 से 90 किमी अधिक चलना पड़ेगा। मुरैना के उद्योतगढ़ और बाह के कैंजराघाट के बीच चंबल नदी पर बने पांटून पुल को हटाने का काम बुधवार को शुरू हो गया। गुरुवार को पुल के रास्ते दो पहिया और चार पहिया वाहन निकल सकेंगे। शुक्रवार से पुल पर यातायात बंद हो जाएगा। ठेकेदार चन्द्रसेन तिवारी ने बताया कि बुधवार को पुल की बेरीकेडिंग की एंगल आदि को हटाने का काम शुरू कर दिया है। एंगल के ज्वाइंट भी हटाए जा रहे हैं। बतादें कि कैंजराघाट पुल के रास्ते भिंड,मुरैना और बाह के सौ से ज्यादा गांवों के लोग आवागमन करते हैं। पांटून पुल हटाए जाने के बाद इन गांवों के लोगों को 60 से 90 किमी का अतिरिक्त फेर लगाना पड़ेगा। भिंड जाने के लिए उदी फूप के रास्ते से निकलना होगा। जबकि मुरैना जाने के लिए धौलपुर का रास्ता पकड़ना होगा।

# हाई टेंशन करंट ने ली चरवाहे की जान

एनएनआई



**बाह।** बुधवार की दोपहर 2 बजे खेत पर बकरी चरा रहे जरार बाह के 36 वर्षीय शेर सिंह की एचटी लाइन के करंट की चपेट में आने से जान चली गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पुरा थोक जरार के शेर सिंह पुत्र रामसेवक चक खेत पर बकरी चरा रहे थे। परिजनों ने पुलिस को बताया कि अचानक एचटी लाइन के तार की चपेट में आने से शेर सिंह बेहोश हो गये। आनन फानन में एंबुलेंस की मदद से बाह सीएचसी पर ले पहुंचे। जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।अस्पताल में पति का शव देख पत्नी सीमा बेसुध हो गई। वह बोली कि बेटी कुमकुम की शादी कैसे होगी? मृतक उसके लिए रिश्ता तलाश रहे थे। मृतक ने अपने पीछे बेटी कुमकुम,छवि,दिव्या एवं एक बेटे को छोड़ा है। परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है। मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। सूचना पर पहुंची बाह पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक बाह सुरेश चन्द ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# बीस सूत्रीय मांगों को लेकर भाकियू का तहसील मुख्यालय पर अनिश्चित कालीन धरना



एनएनआई

**बाह।** बुधवार को तहसील मुख्यालय बाह पर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) का अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू हुआ। जिसमें छुट्टा मवेशी के आतंक से उजड़ रही फसलों और सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं से लेकर बेइंतहा बिजली कटौती को लेकर ग्रामीण किसानों का दर्द छलक पड़ा। महज 5-6 घंटे मिल रही बिजली से सिंचाई के अभाव में सब्जियों की फसलें सूख रही हैं, गर्मी से लोग बीमार हो रहे हैं। भाकियू के तहसील अध्यक्ष भानु प्रताप उर्फ मोनू शर्मा ने बताया कि तालाब और चक मार्ग अतिक्रमण मुक्त कर उनको विकसित किए जाने का मामला प्रशासन के सामने कई बार उठाया,लेकिन समाधान नहीं हो सका। छुट्टा मवेशी किसानों की फसलें उजाड़ रहीं हैं,गोशालाओं में गोवंश की बेकदरी हो रही है। कई बार आश्वासन मिले लेकिन समस्या का समाधान न होने की बजह से 20 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन धरने पर बैठना पड़ा है। जिला उपाध्यक्ष सतेन्द्र भदौरिया ने बताया कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए महीनों से ग्रामीण किसान तहसील के चक्कर काट रहे हैं। ठियाबंदी के मामले सालों बाद भी लटके हैं। ग्रामीण किसान शोषण उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं। बुधवार को कोई अधिकारी धरना प्रदर्शन स्थल पर वार्ता के लिए नहीं पहुंचा उन्होंने बताया कि समस्याओं के समाधान तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

इस दौरान तहसील अध्यक्ष भानु प्रताप उर्फ मोनू शर्मा,जिला उपाध्यक्ष सतेन्द्र भदौरिया, अरविंद शर्मा, ओमकार शर्मा, जितेन्द्र यादव, आकाश भदौरिया, वीरेन्द्र सिंह तोमर, रामलखन वर्मा, गजेन्द्र सिंह, दिनेश परिहार आदि मौजूद रहे।

# भगवान चित्रगुप्त पर अभद्र टिप्पणी से कायस्थ समाज में रोष

**कासगंज।** कथा वाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा चित्रगुप्त भगवान पर की गई टिप्पणी को लेकर कायस्थ समाज के लोग आक्रोशित हैं। कायस्थ बंधुओं ने कथावाचक से अपने इस कृत्य के लिए माफी मांगने को कहा है। चेतावनी दी है कि सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगे जाने पर आंदोलनात्मक कदम उठाया जाएगा बता दें कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश नेतृत्व आह्वान पर प्रदेश महामंत्री श्याम चंद्र श्रीवास्तव, पश्चिम के प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश सक्सेना और चित्रगुप्त पीठ वृन्दावन के पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद महाराज के निर्देश पर जनपद में भी कायस्थ बंधुओं ने कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा की गई टिप्पणी पर आक्रोश व्यक्त किया है। अलीगढ़ मंडल प्रभारी नवल कुलश्रेष्ठ ने बताया कि विगत गत 14 जून को पंडित प्रदीप मिश्रा ने महाराष्ट्र में आयोजित एक कथा में प्रवचन के दौरान भगवान चित्रगुप्त के प्रति टिप्पणी की। इससे कायस्थ समाज नाराज है। एडवोकेट नारायण स्वरुप सक्सेना ने बताया कि कथावाचक द्वारा आराध्य और भगवान चित्रगुप्त महाराज के प्रति अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर भावनाओं को आहत किया गया है। इसके अलावा डा. नीरज सक्सेना, वीपी सक्सेना, राकेश सरन सक्सेना, एडवोकेट आदर्श सक्सेना, किशोरी लाल सक्सेना, आरके सक्सेना, अखिलेश सक्सेना, शांतनु चौधरी, जिलाध्यक्ष केके सक्सेना, अजय सक्सेना,विजय सक्सेना, नवीन सक्सेना,अलोक सक्सेना, आदित्य सरन सक्सेना, आशीष सक्सेना, अरविन्द सक्सेना दीपक सक्सेना, अतुल सक्सेना, अंशुल जौहरी, दुर्गेश सक्सेना, योगेश सक्सेना, सोहित सक्सेना ने भी कथावाचक द्वारा की गई टिप्पणी पर आक्रोश जताया है।

## संपादकीय

# राजनीतिक सहमति संभव ही नहीं

भारत में घटना चाहे कितनी भी बड़ी हो, परिस्थितियां चाहे जैसी हों और नीतिगत फैसले चाहे जो हों उन पर बनी राजनीतिक सहमति टिकाऊ नहीं होती है। पार्टियां अपनी अपनी राजनीतिक लाइन या खोखली हो चुकी विचारधारा के आधार पर इस कदर बंटी हुई हैं कि वे उससे अलग हट कर कुछ सोच ही नहीं सकती हैं। उनके लिए देशहित या समाज हित या व्यक्ति हित से पहले पार्टी हित होता है क्योंकि पार्टी के साथ उनका अपना हित जुड़ा होता है।किसी घटना या किसी परिस्थिति विशेष में जो सहमति बनती है उस पर पक्ष और विपक्ष दोनों एक साथ आते हैं लेकिन उनका साथ ज्यादा समय नहीं चल पाता है।कह सकते हैं कि उनकी सारी राजनीति अपने स्वार्थ से संचालित होती है और वे उससे आगे कुछ नहीं देख पाती है। इसलिए किसी भी मसले पर बनी राजनीतिक सहमति ज्यादा दिन तक नहीं चलती है। अब तो समाज भी राजनीति के आधार पर इतना बंट गया है कि वहां भी सहमति नामुमकिन हो गई है।सबसे ताजा मामला पहलगाम में हुआ आतंकी हमला और उस पर हुई जवाबी कार्रवाई का है। सभी पार्टियों ने एक स्वर में इसकी निंदा की और सरकार से कहा कि वे उसके साथ हैं। कांग्रेस सहित समूचे विपक्ष ने सरकार से कहा है कि वह जो भी कार्रवाई करेगी उसको विपक्ष का समर्थन है।लेकिन इतनी बड़ी घटना पर भी, राजनीतिक सहमति कितनी देर टिकी! एक महीने भी सभी पार्टियां सहमत नहीं रह सकीं।राजनीति फिर पुराने ढर्रे पर लौट गई। सब एक दूसरे की आलोचना करने लगे, सब एक दूसरे का इतिहास और डीएनए खंगालने लगे, सब एक दूसरे को कायर और सरेंडर करने वाला बताने लगे और पहलगाम कांड के एक महीना पूरा होते होते सारी राजनीतिक सहमति गायब हो गई।कई बार राजनीतिक सहमति इससे भी कम समय टिकती है। जैसे कहीं प्राकृतिक आपदा आई तो पीड़ितों के प्रति संवेदना जताने में सभी पार्टियां साथ होंगी और मदद का आश्वासन देंगी लेकिन उसके अगले ही मिनट सरकार की आलोचना शुरू हो जाएगी।भारत में सभी पार्टियां कहीं न कहीं सरकार में हैं या रही हैं और सबके कार्यकाल में प्राकृतिक आपदा आई हुई है इसलिए सब एक दूसरे को उनका अतीत याद दिलाते हैं। कोई इससे सबक नहीं लेता है। सब मानते हैं कि उनकी कमियां स्वाभाविक हैं लेकिन दूसरे को परफेक्ट होना चाहिए।विपक्षी पार्टियां जातीय जनगणना की मांग कर रही थीं। अब केंद्र सरकार ने इसकी घोषणा कर दी है। फिर भी दोनों में टकराव है। आगे यह और बढ़ेगा।पहलगाम की घटना हो या ऑपरेशन सिंदूर हो या कोई प्राकृतिक हादसा हो या जाति जनगणना का नीतिगत फैसला हो, किसी पर भी बनी राजनीतिक सहमति क्यों टिकाऊ नहीं रह पाती? क्यों नहीं पार्टियां इन मामलों के तार्किक परिणति तक पहुंचने का इंतजार नहीं करती हैं? इसलिए इंतजार नहीं करती हैं क्योंकि यहां सबको एक ही तरह की राजनीति आती है। वह है चुनाव लड़ने और जीतने के प्रयास की राजनीति। इस राजनीति का मूलमंत्र है कि अपनी विरोधी पार्टी को अपना शत्रु मानो, उसको गालियां दो, उसकी कमी बताओ, उसकी आलोचना करो, उसको देश विरोधी ठहराओ ओर दलगत आधार पर मतदाताओं के बीच विभाजन को बढ़ाओ। इसके अलावा किसी सकारात्मक एजेंडे पर राजनीति करना भारत की पार्टियों ने सीखा ही नहीं।विपक्षी पार्टियों ने सीखा ही नहीं है कि देशहित के मुद्दे पर सरकार का समर्थन करके भी मतदाताओं को अपने साथ किया जा सकता है और सरकारों ने यह नहीं सीखा कि अगर विपक्षी पार्टियां देश और समाज के हित का कोई मुद्दा उठा रही हैं तो उसको अपना कर भी मतदाताओं को अपने साथ जोड़ा सकता है। तभी कितना भी जरूरी मुद्दा हो अगर विपक्ष ने कह दिया कि इस पर संसद सत्र बुलाओ या संसद में चर्चा कराओ तो सरकार उसके लिए तैयार नहीं होती है। उसको इसमें अपना अपमान लगता है कि विपक्षी पार्टी के कहने से कैसे वह फैसला करे। ऐसे ही विपक्ष के किसी एजेंडे को सरकार लागू करने का फैसला करे तो विपक्ष उसमें भी कमियां निकालने लगेगा।

# यादों के आइने में आगरा का रावतपाड़ा

बचपन से देखा हुआ बेलनगंज, रावतपाडा मनकामेश्वर क्षेत्र मुगल कालीन आगरा के शहर का पर्याय रहा,रावत पाड़ा,बेलन गंज जैसे पुराने मोहल्ले आगरा की जान रही। रावतपाड़ा क्षेत्र और मुगल इतिहास की जीवित कड़िया आज भी प्राचीन इमारतों में देखी जा सकती हैं। टकसाल गली, जोहरी बाजार डाकखाना कभी मुगलिया कोतवाली हुआ करती थी। आज भी वही व्यापारिक दृष्टिकोण से और समृद्ध,संकुचित,रूप से बना हुआ है।

पूरे वर्ष भर शहर में होने वाले सभी शादी विवाह बराते,राम लीला का महीने भर आयोजन, तैराकी मेले की झंडे निशान यात्राएं,उसमे भांग छाने मदमस्त तैराक, उनके साथ वीर रस में बजती बांसुरी और ढोल उसकी लय पर मस्ती से सरोबार, कलात्मकता से डंडे खेलते गुरु चेले व लोगो ने हमेशा हमे मंत्र मुग्ध रखा धीरे धीरे आम आदमियों के ये उत्सव लुप्त हो गए,आधुनिकता और यमुना में पानी की कमी ने इस सांस्कृतिक आयोजन को लील लिया।

महीने दो महीने में विभिन्न मोहल्लों में होने वाले मेले जैसे हरियालीतीज का मेला भी शने शने खत्म हुए,अलबत्ता व्यापार का आकार बढ़ता गया,आज भी शहर की अर्थ व्यवस्था का केंद्र है। चाट,भल्ले,गोलगप्पे,कांजी बड़े,खोए के पेड़े,पेठा, दालमोंठ, मोठ,कुल्फी,लस्सी,दही बड़े , सांखे,खस्ता, बेड़ई,जलेबी, मूंग दाल हलुवा , पातीराम जी की मिठाई,दूध के दर्जनों फड़,पान की दुकानें, खोआ मंडी,गजक गुड की,तिल के लड्डु,खोए की गजक,तरह तरह के मौसमी फलों जिसमे कई किस्म के बेर, कतारे , घिया के लच्छे,सोलह मजे, फलों की चाट,भंडार हुआ करते थे, वह सिमट गए आधुनिकता की दुनिया में, जो आज कुछ मौजूद है वो कारीगरों से निर्मित है।




लाला पातीराम जी की दुकान शहर में मिष्ठान की एक अद्भुत केंद्र रही, बताते है कि दो पीढ़ियों तक चली दुकान में देशी घी एक ही ठिकाने का आया,दूसरा मीठे में चीनी की जगह ये खांड का उपयोग करते थे।इतना ही माल बनता जो 24 घंटे में खत्म हो जाए,सुबह जलेबी,11बजे बाद खस्ता और 1 बजे से इमरती बारह महीने मिलती, हां खस्ता के साथ वो अनारदाने से बनी चटनी देते थे।

उनके यहां की सोन पपड़ी, मूंग की दाल की बर्फी,मैसूर पाक,गुलाब जामुन,काजू कतली, तिकोनी मठरी, सांखे घेवर,चंद्रकला,गुजिया लाजवाब थी। रावत पाड़ा में दौलत राम भल्ले वालो की ठेल भी एक मशहूर ठिकाना रही है। रावतपाड़ा चौराहा उन दिनों बारह टोंटी चौराहे के नाम से जाना जाता था,किसी बड़े रहीस द्वारा चौराहे पर एक बारहमासी प्याउ संचालित थी जिसमे बारह नल लगे थे।

कोई आधा दर्जन गाय,भैंस,घोड़ों,अन्य जानवरों के पानी पीने के लिए हौद बने थे।गर्मियों में पानी की प्याऊ प्राय सभी सक्षम लोगो के घर के आगे जरूर होती।

रावत पाड़ा में मशहूर व्यापारियों के ठिकाने रहे जिनमे लाला कोका मल जी की मार्केट,शायद आज भी शहर की सबसे बड़ी मार्केट में शुमार होगी, वह यूपी के सबसे बड़े किराने के व्यापारी बहुत लंबे अरसे तक रहे। आज भी उनके कई प्रतिष्ठान चल रहे हैं। गज्जो मल जी, मगो मल नानक राम, मुंशी पन्ना, कुंदन सोप, जवाहर लाल गुप्ता, कन्ही राम दाता राम,सेठ श्यामा चौधरी की दूध की दुकान,कई आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों की दुकानें,सरदार जी की तिवारी गली में मेवा की गद्दी, क्षेत्र बजाजा कमेटी का जन सेवा प्रकल्प गत सौ वर्षो से इलाके की शान हैं।

रावतपाडे में क्षेत्रीय रहीसो के द्वारा कोई दर्जन भर प्राचीन देव स्थान बनवाए हुए है जिनमे सत्य नारायण मंदिर,बिहारी जी मंदिर,गंगा जी मंदिर,खारजी वाले परिवार द्वारा बनवा कर दान कर दिए गए, दाऊ जी मंदिर,ब्रजवासी गोस्वामी द्वारकाधीश मंदिर,माता कालिका मंदिर,राधा मोहन लाल जी मंदिर,बुद्धसेन गोटे वालो का मंदिर है,लल्लू वेद वालो को किशोरी वल्लभ देवालय,भार्गव साहब का श्री गोपाल जी मंदिर,माहेश्वरी समाज का श्री राधा वल्लभ जी मंदिर,चिड़िया वाला श्री राम प्रभु का मंदिर, डा राम नारायण जी द्वारा बनवाया श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर,किराना कमेटी द्वारा संचालित श्री विट्ठल नाथ मंदिर प्रमुख है। मनकामेश्वर मंदिर मूलतः नागाओं का मठ रहा है,बचपन में हमने नागा बाबाओं को खूब आते जाते थे गंगा दशहरा को मनकामेश्वर अखाड़े में सुबह सब जाते वहां मोहल्ले के बुजुर्ग,खलीफा, उस्तादो की देख रेख में हनुमान जी महाराज का भोग प्रसाद लगता सबके बीच में बांटा जाता था ,फिर सभी लोग कोकामल मार्केट में ऊपरी मंजिल में बने अखाड़े पर जाते जहां समोसे,और जोरदार ठंडाई का हनुमान जी को भोग लगाकर सबका स्वागत होता,

आज भी रावतपाड़ा चौराहे पर लाला मुन्ना लाल का लाल पेठा एक बेजोड़ उत्पाद है शायद बहुत कम लोगो ने वर्तमान में इसका स्वाद चखा भी होगा।आज भी सुबह 12 बजे बाद नही मिलता।

मनकामेश्वर गली में चांदी का बर्क चढ़ा पान,खोए की बर्फी,लाला चिम्मन लाल पूरी वालो की पूरी,आलू की लिपटमा सब्जी,कद्दू की सब्जी तो आज तक मशहूर है।

मनकामेश्वर अखाड़ा आगरा के नाम चीन अखाड़ों में रहा हे मेने फतेहपुर सीकरी के एक गांव में जब अपने मोहल्ले का जिक्र किया तो दो तीन बुजुर्गो ने बताया वो जोर करने,कसरत करने यही आते थे,क्षेत्रीय रहीस,शौकीन उनकी गिजा का प्रबंध करते थे।

नूरी दरवाजे मार्ग पर एक आलू के भल्ले वाले थे जो दूसरी बार सोंठ या चटनी मांगने पर एक चमचा घी गुस्से में भल्ले पर डाल देते थे,ऐसे ही देवी राम के बेलनगंज के समोसे की दुकान की चर्चा में बोले समोसे में चटनी की मांग करने पर वो ग्राहक को डपट देते,या समोसा दुबारा डलियां में फेंक देते,ये तुर्रा और कि देवी राम के समोसे खाने आए हो या चटनी। प्रतापपुरा के मूंग की दाल के मंगोडे,याद राम की लिपटमा आलू चाट,हमारे एम डी जैन इंटर कॉलेज के तोता के भल्ले, छोले भटूरे,गुलाब के मिर्च वाले आलू चिप्स,तरह तरह की मीठी सुपाडिया और न जाने क्या क्या।

कई ऐतिहासिक मशहूर कुएं भी यहां थे काफी आज भी हे लेकिन उस समय इलाके की जरूरत इन्ही से पूरी होती थी,करौली के मेहनतकश कलसे भर भर कर सब दुकानों में सुबह से पानी भरते देखे हैं हमने गर्मी की रात में कुएं पर जाकर ठंडे पानी से नहाना वाकई रहीसी थी।

लुहार गली का मस्तानी कुआं एक मुगल काल जल स्त्रोत था। जिसमें जल की गुणवत्ता रखरखाव के लिए नगर निगम नियमित दवाई (लाल दवा)डलवाता था।

यही पास में वैद्यो की गली थी जिसे वर्तमान में वैद्य राम दत्त गली के नाम से जाना जाता है। जो हमारे परिवार के बुजुर्गो ने जिनमे वैद्य राम दत्त जी,वैद्य राम चंद्र जी,वैद्य राम प्रसाद जी,वैद्य राम धन जी,वैद्य राम सहाय जी,वैद्य राम मूर्ति जी,वैद्य राम आधार जी,वैद्य राम विनोद जी,वैद्य राम सुधीर जी,वैद्य राम निवास जी,वैद्य राम नरेश जी,वैद्य राम दिनेश जी व अन्य ने करीब 100 वर्षो से ज्यादा इस आयुर्वेदिक व्यवसाय को सफलता पूर्वक संचालित किया। आज भी नई पीढ़ी के वैद्य राम राजुल,वैद्य राम निधि,वैद्य राम शिरोमणि प्रैक्टिस कर रहे है। सेठ गली भी हलवाइयों और मीठे के दुकानों का एक ऐतिहासिक बाजार है। जहां आज भी रात बारह बजे तक दूध लस्सी मिठाइयां मिल जाती है।

लाला गोपालदास जी के भी पेठे, दालमोंठ,भीमसेन दालमोंठ पैठे वाले, सकटू हलवाई, हीरा हलवाई, डबल हाथरस, मोर मुकुट इत्यादि के अपने शानदार पारंपरिक मिठाई निर्माण के इतिहास है।


आगरा का वैभवशाली इतिहास में 12 मंडी,12 पाड़ें,12 गंज, और 36 चौराहों का जिक्र अक्सर आता रहा है। मेरा मानना है कि इन सभी ठिकानों में कोई न कोई नामचीन हलवाई,चाट,खाने पीने के ठिकाने अवश्य रहे हैं। जिसका जिक्र चटकारे ले लेकर आज भी पुराने लोग सुनाते है।

लेखक : कौशल नारायण शर्मा

# कपिल के शो में गौरी संग आमिर के रिश्ते पर सलमान ने किया मजाक

कॉमेडियन कपिल शर्मा अपने चर्चित कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के तीसरे सीजन के साथ वापसी कर रहे हैं। इस बार शो के पहले मेहमान बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान हैं। सलमान और कपिल शर्मा एक साथ हों तो दर्शकों को हंसने के भरपूर मौके मिलेंगे, इसमें कोई दोराय नहीं। शो का प्रोमो देखकर ही इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

शो में सलमान खान अपनी फिल्म 'सिकंदर' के खराब बॉक्स ऑफिस कलेक्शन का मजाक उड़ाते दिखेंगे। दरअसल, शो में सलमान खान का एक हमशक्ल आया। वह अभिनेता की फिल्म 'तेरे नाम' वाले लुक में हाजिर हुआ। उसे देख सलमान ने पूछा, 'काम धंधा अच्छा चल रहा है? 'सिकंदर' से कोई फर्क तो नहीं पड़ा?'। यह सुनकर सलमान के साथ-साथ बाकी सभी हंसने लगे।




इसके अलावा सलमान खान ने कपिल शर्मा के शो में आकर आमिर खान और उनकी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के रिलेशनशिप पर मजाकिया टिप्पणी की। शो का प्रोमो सामने आ गया है और काफी मजेदार है। सलमान खान अपनी और आमिर खान की शादी को लेकर मजेदार अंदाज में रिएक्ट करते दिखे। दरअसल, कपिल शर्मा ने हंसते हुए सलमान खान से सवाल किया, 'आमिर भाई ने अपनी गर्लफ्रेंड से सबको मिलवाया। वो रुक ही नहीं रहे। और आप कर ही नहीं रहे।' इस पर सलमान ने भी उसी अंदाज में जवाब दिया, 'आमिर की बात ही अलग है। वो परफेक्शनिस्ट है। जब तक शादी को वो एकदम परफेक्ट नहीं कर लेगा....'। इसके बाद सभी जोर-जोर से हंसने लगे।

बता दें कि आमिर खान इन दिनों गौरी स्प्रैट को डेट कर रहे हैं। गौरी के साथ अपने रिलेशनशिप का खुलासा आमिर ने अपने 60वें जन्मदिन के अवसर पर किया। इससे पहले आमिर खान दो शादियां कर चुके हैं। पहली शादी रीना दत्ता से हुई। दूसरी किरण राव से। हालांकि, रीना और किरण दोनों से ही आमिर का तलाक हो चुका है।

### कब से शुरू होगा कपिल का शो?

कपिल शर्मा का शो ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर शुरू हो रहा है। 21 जून से यह हर शनिवार रात आठ बजे स्ट्रीम होगा। इस बार शो में नवजोत सिंह सिद्धू भी वापसी कर रहे हैं। प्रोमो ने दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया है।



# यश ने कियारा के लिए शूटिंग की डायवर्ट

यश और कियारा आडवाणी टॉक्सिक में साथ नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग अभी चल रही है और खबर है कि शूटिंग की जगह बदल दी गई है। यश ने एक बार फिर अपनी सोच- समझ और ऑफ-स्क्रीन हाव-भाव से लोगों का दिल जीत लिया है। हाल ही में आई खबरों के अनुसार, अभिनेता ने कथित तौर पर शूटिंग शेड्यूल को मुंबई में शिफ्ट कर दिया है, यह सब उनकी को-स्टार कियारा आडवाणी की सहूलियत के लिए किया गया है, जो अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं।

123 तेलुगु ने बताया कि यश ने अपने टॉक्सिक डायरेक्टर गीतू मोहनदास और प्रोड्यूसर वेंकट के। नारायण से शूटिंग की सारी औपचारिकताएं बेंगलुरु से मुंबई शिफ्ट करने को



कहा था। जाहिर है, यश ने भी निमार्ताओं के साथ सहयोग किया और मुंबई में एक सहज और कुशल शूटिंग की सुविधा दी, जिससे फिल्म के निमार्ताओं की जेब काफी हद तक बच गई। कियारा की बात करें तो उन्होंने और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने मार्च में घोषणा की थी कि वे अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक संयुक्त पोस्ट शेयर की, जिसमें लिखा था, हमारे जीवन का सबसे बड़ा उपहार जल्द ही आ रहा है।

### मार्च में की थी टॉक्सिस की घोषणा

बता दें कि यश ने 2022 की ब्लॉकबस्टर केजीएफ2 के बाद किसी फिल्म में काम नहीं किया है। मार्च में, 'रॉकिंग स्टार' ने अपनी आगामी फिल्म टॉक्सिक की रिलीज की तारीख की घोषणा की। उन्होंने प्रशंसकों को फिल्म का एक नया पोस्टर भी दिखाया। यश की टॉक्सिक 19 मार्च, 2026 को रिलीज होने वाली है, जो उगादी, गुड़ी पड़वा और ईद के वीकेंड के साथ मेल खाती है। पोस्टर में, अभिनेता ने काले रंग की चमड़े की जैकेट और टोपी पहनी हुई थी और हाथ में बंदूक लिए हुए थे। उसके पीछे, एक तस्वीर थी जिसमें पूरा शहर जल रहा था और अभिनेता बिना किसी नुकसान के घटनास्थल से दूर जा रहा था।

### लव एंड वॉर से हो सकता टॉक्सिस का टकराव

कथित तौर पर, टॉक्सिक का आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल-स्टारर लव एंड वॉर से बड़ा टकराव हो सकता है। फिल्म निमार्ता संजय लीला भंसाली की टीम की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। इस बीच, बहुत से लोग नहीं जानते लेकिन फिल्म का टाइटल, टॉक्सिक, खुद यश ने सुझाया था। इस बारे में बात करते हुए, उन्होंने हाल ही में द हॉलीवुड रिपोर्टर को बताया, ह्यहमारे पास बच्चों के लिए परियों की कहानियां हैं, लेकिन कोई भी एडल्ट के लिए परियों की कहानियां नहीं बना रहा है। इसलिए हमने सोचा कि हम एडल्ट्स के लिए एक परियों की कहानी बनाएंगे। मैं टैगलाइन लेकर आया। शीर्षक और टैगलाइन दोनों मुझे लगा कि यह बहुत ही रिलेवेंट थिंग थे। आज, हम बहुत सारे भ्रमों से गुजरते हैं और 'टॉक्सिक' शब्द की कई परतें हैं। इसका उपयोग कई संदर्भों में किया जाता है। हम सभी कई मायनों में बहुत ही विषाक्त स्थिति में रह रहे हैं। इसलिए मुझे लगा कि यह एक बहुत ही प्रासंगिक शीर्षक है और फिल्म के लिए सही है।

# इंग्लैंड में चार मैच खेलने के लिए टीम से जुड़े तिलक वर्मा

## मुकाबले से ठीक पहले बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली।** युवा भारतीय बल्लेबाज इंग्लैंड में चार मैच खेलने के लिए टीम से जुड़ गए हैं। तिलक 22 जून से एक अगस्त तक चलने वाली रोथसे काउंटी चैंपियनशिप में चार मैच खेलने के लिए हैम्पशायर से जुड़ गए हैं। हैदराबाद के 22 साल के बाएं हाथ के ऑलराउंडर तिलक हैम्पशर के अगले चार मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे, जिसकी शुरूआत 22-25 जून को चेम्सफोर्ड में एसेक्स के खिलाफ होने वाले मैच से होगी।



तिलक ने 25 टी20 सहित 29 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें उन्होंने दो शतकों के साथ 749 रन बनाए हैं। उभरते हुए टी20 स्टार तिलक ने 2019 में इस फॉर्मेट में डेब्यू किया था और 2022 आईपीएल सीजन से पहले उन्हें मुंबई इंडियंस ने खरीदा था। तब से उन्होंने फ्रेंचाइज के लिए 54 मैचों में 37।47 की औसत और 144।41 की स्ट्राइक रेट से लगभग 1500 रन बनाए, जिसमें आठ अर्द्धशतक शामिल हैं।जून 2025 तक इंटरनेशनल टी20 में 49।93 का उनका औसत दूसरा सबसे बेस्ट है। आईसीसी के पूर्ण सदस्य देशों के बल्लेबाजों में सर्वश्रेष्ठ है। अगले चार काउंटी चैंपियनशिप मैचों के लिए तिलक का उपलब्ध होना शानदार है। वह एक कमाल का टैलेंट है,जिसने पहले ही इंटरनेशनल स्टेज और आईपीएल में बड़ा प्रभाव डाला है और हम यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि वह इस समर में हैम्पशर के लिए क्या कर सकते हैं।

तिलक का लाल गेंद से भी शानदार प्रदर्शन रहा है।उन्होंने 18 फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं, जिसमें दलीप ट्रॉफी में भारत ए के लिए और इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ मैच शामिल हैं।उन्होंने 50।16 की शानदार औसत से पांच शतक और चार अर्द्धशतक के साथ 1200 से ज्यादा रन बनाए हैं। हैम्पशर अभी डिवीजन वन में सातवें स्थान पर है। जबकि टीम पिछले सीजन रनर अप रही थी।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बर्लिन में चार देशों के टूर्नामेंट के लिए रवाना

**नई दिल्ली।** भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम 21 से 25 जून तक होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बुधवार को बर्लिन के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता इस साल के अंत में होने वाले विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है। कप्तान अराइजीत सिंह हुंडल के नेतृत्व में भारतीय टीम आज सुबह बेंगलुरु से रवाना हुई। आमिर अली टीम के उप कप्तान हैं। टीम 21 जून को मेजबान जर्मनी के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। भारतीय टीम इसके बाद 22 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी और राउंड रोबिन चरण के अपने अंतिम मैच में स्पेन के खिलाफ खेलेगी। सभी मैच बर्लिन में होंगे। टूर्नामेंट का समापन 25 जून को क्लासीफिकेशन मुकाबलों के साथ होगा जिसमें शीर्ष दो टीम खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी जबकि बाकी दो टीम तीसरे स्थान के प्ले ऑफ में खेलेंगी। जर्मनी रवाना होने से पहले कप्तान हुंडल ने इस साल के अंत में होने वाले विश्व कप से पहले इस टूर्नामेंट के महत्व पर जोर




दिया। विश्व कप 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा। हॉकी इंडिया की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में हुंडल ने कहा, एफआईएच जूनियर विश्व कप 2025 से पहले यह टूर्नामेंट हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अब जब कुछ ही महीने बचे हैं तो यह हमारे लिए अपनी ताकत का आकलन करने, नए संयोजन आजमाने और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने का एक बेहतरीन अवसर है।

# भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का नाम बदलने के फैसले को कपिल देव ने बताया अजीब

## बोले- क्रिकेट में तो सब कुछ चलता है

**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव ने भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाले टेस्ट सीरीज का नाम पटौदी ट्रॉफी से बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी करने पर हैरानी जताई और इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के इस फैसले को 'अजीब' बताया। मेजबान इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने हाल में पटौदी .ट्रॉफी का नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया है. कपिल देव ने 1983 के वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ टुनब्रिज वेल्स में हुए मैच में अपनी नाबाद 175 रन की यादगार पारी के मौके पर हुए एक कार्यक्रम के इतर कहा- ट्रॉफी का नाम पहले भारत के पूर्व कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के सम्मान में रखा गया था,लेकिन बीते दिनों इस ट्रॉफी का नाम बदलकर भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और इंग्लैंड के दिग्गज कप्तान जेम्स एंडरसन के नाम पर रखा गया। नाम बदलने को लेकर सुनील गावस्कर जैसे दिग्गजों ने आलोचना की।

# भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11 घोषित

## क्रिस वोक्स की वापसी, कार्स भी शामिल



**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले के लिए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी। बुधवार को ईसीबी ने बताया कि बेन स्टोक्स के नेतृत्व में भारत के खिलाफ हेडिंग्ले में खेलने के लिए तैयार है। इसमें क्रिस वोक्स की वापसी हुई है, जिन्हें आखिरी बार दिसंबर में खेलते देखा गया था। वहीं, ब्रायडन कार्स पहली बार घरेलू धरती पर खेलते नजर आएंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 20 जून से यानी शुक्रवार से खेला जाएगा। इसी के साथ इंग्लैंड की टीम नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरूआत करेगी। हेडिंग्ले में खेले जाने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए ईसीबी ने प्लेइंग 11 का एलान कर दिया है। इस टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। इंग्लैंड हाल के दिनों में अपने सबसे कम अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण के साथ पहले मैच में उतरेगा जिसमें जेम्स एंडरसन संन्यास ले चुके हैं जबकि जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड की जोड़ी चोटिल है जिससे ब्रायडन कार्स और क्रिस वोक्स जैसे गेंदबाजों को अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी।

### हम चुनौती पेश करेंगे- कार्स

कार्स का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी बल्लेबाजों की गैरमौजूदगी में भारतीय खिलाड़ियों पर दबाव बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा- जाहिर है आप जानते हैं कि कोहली और रोहित की अनुपस्थिति उनके बल्लेबाजी क्रम के लिए बहुत बड़ी क्षति है। वे कई वर्षों से अनुभवी खिलाड़ी हैं और आप जानते हैं कि विश्व स्तरीय बल्लेबाज हैं। लेकिन भारतीय क्रिकेट में जो गहराई है और जिस तरह के खिलाड़ी आ रहे हैं, आप जानते हैं कि इसमें कोई संदेह नहीं कि वे एक बहुत मजबूत एकादश बनाएंगे और हम जो भी चुनौती पेश करेंगे उसके लिए तैयार रहेंगे।

### भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का कार्यक्रम

भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर है। इस सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। वहीं, दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा, जबकि चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के ओवल में खेला जाएगा।

### पहले टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11

जैक क्रॉउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्राइडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर।

## गुरुवार , 19 जून राशिफल

आज मेष राशि के जातकों के लिए दिन मिलाजुला रहेगा। आज आपके लिए यात्रा का भी संयोग बन रहा है। लेकिन आपको आज अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना होगा,अधिक तले-भुने भोजन से आपको बचना होगा। आप आज अपने लिए कुछ खरीदारी कर सकते हैं।

आज वृषभ राशि से चंद्रमा का संचार चतुर्थ उपरांत पंचम भाव में होगा। ऐसे में आज का दिन वृषभ राशि के जातकों के लिए रोमांटिक रहने वाला है। आपको आज लव लाइफ में प्रेमी के साथ वक्त बिताने का भी मौका मिलेगा। दिन का पहला आपका लिए अधिक सुकून भरा है रहेगा।

मिथुन राशि के लिए आज दिन का पहला भाग तनावपूर्ण रह सकता है। आपको आज किसी मित्र या परिचित की मदद के लिए आगे आना होगा। व्यवहार में आपको आज संयम रखने की जरूरत है, नहीं तो किसी करीबी व्यक्ति के साथ आपका मन मुटाव हो सकता है।

कर्क राशि से आज चंद्रमा का गोचर सिंह राशि में होने जा रहा है। ऐसे में आज आपको अपने खर्च पर नियंत्रण रखना होगा। आपको आज घर के वरिष्ठ सदस्यों खास तौर पर पिता की ओर से मार्गदर्शन और सहयोग मिलेगा।

सिंह राशि के जातकों के लिए आज रविवार का दिन मिलाजुला परिणाम देने वाला रहेगा। आपको अपने पिछले कुछ निर्णयों को लेकर उलझन और परेशानी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में विपरीत परिस्थितियों से आप उबरने में सफल रहेंगे।

कन्या राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि चंद्रमा के गोचर से आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको काफी काम करना पड़ सकता है, लेकिन आप अपनी जिम्मेदारियां को समय पर पूरी कर पाएंगे। प्रोप्टी का काम करने वाले जातकों को आज बिजनेस में लाभ होगा।

तुला राशि के लिए आज का दिन खर्चों से भरा रहने वाला है, लेकिन आपको किसी से पैसा उधार लेने से बचना होगा, नहीं तो बाद में परेशानी हो सकती है। आपकी व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे, आपको आज ससुराल पक्ष के संबंधियों से सहयोग और अच्छी खबर मिलेगी

आज का दिन वृश्चिक राशि के जातकों के लिए मिलाजुला रहेगा। आप अपनी माता की स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर चिंतित रहेंगे और व्यापार में मन मुताबिक मुनाफा न मिलने के कारण आप थोड़े चिंतित रहेंगे। आप अपने दैनिक खर्चों को आसानी से पूरा करने में सक्षम रहेंगे।

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने मन में नकारात्मक विचार लाने से बचना होगा, अन्यथा आप परेशान रहेंगे। आप दान-पुण्य के कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा में आ रही दिक्कतों के बारे में अपने परिवार वालों से बात करनी होगी।

मकर राशि के जातकों के लिए आज रविवार का दिन सूर्यदेव की कृपा से लाभदायक रहेगा। लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से राहत पाएंगे। आप अपने दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में कुछ समय बिताएंगे और साझेदारी में कोई काम करने की योजना बना सकते हैं।

कुंभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन उम्मीद से अधिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको आज रुचिकर भोजन मिलने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में आज कोई बड़ी सफलता मिल सकती है। आपके कार्यस्थल पर कोई समस्या चल रही है तो आज उसका निदान हो सकता है।

मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन कुछ उतार-चढ़ाव लेकर आएगा। आपकी राशि में शनि महाराज बैठकर आपको मानसिक उलझन दे सकते हैं। ऐसे में आपको अपनी ऊर्जा अन्य गतिविधियों में लगाने की बजाय अपने काम पर लगाना चाहिए।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

### 21 जून तक चलेगा विशेष शिविर : रिवाज संस्था की पहल

# बंदियों संग योग कार्यक्रम का शुभारंभ

> रिवाज संस्था द्वारा शुरु किया गया योग शिविर न केवल बंदियों के जीवन में एक नई रोशनी लेकर आया है, बल्कि समाज को भी यह सन्देश देता है कि हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी परिस्थिति में हो, बदलाव और सुधार का अधिकारी है। समाज को ऐसे प्रयासों की आवश्यकता है जो न केवल अपराध को दंडित करें, बल्कि उसे समझें, और सुधार के मार्ग पर अग्रसर करें। रिवाज संस्था की यह प्रेरक पहल समाज के लिए एक मिसाल है - एक ऐसा कदम जो दिलों को जोड़ता है, आत्मा को शांत करता है और जीवन को एक नई दिशा देता है।

आगरा के केन्द्रीय कारागार परिसर में रिवाज संस्था का एक विशेष और प्रेरणादायक पहल का शुभारंभ हुआ। सामाजिक सेवा में सदैव अग्रणी भूमिका निभाने वाली रिवाज संस्था ने बंदियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने हेतु सप्ताहव्यापी योग शिविर की शुरूआत की। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) से पूर्व आयोजित किया गया और यह क्रम दिनांक 21 जून 2025 तक लगातार चलेगा।

योग कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः की गई, जिसमें जेल प्रशासन, रिवाज संस्था के सदस्य, योग प्रशिक्षक तथा सैकड़ों बंदियों ने सहभागिता की। इस योग शिविर का संचालन योग गुरु मुरारी प्रसाद अग्रवाल एवं अजय वर्मा द्वारा किया जा रहा है, जो कि योग विज्ञान और आध्यात्मिक साधना के क्षेत्र में वर्षों का अनुभव रखते हैं।

### मानवता के लिए योग-रिवाज संस्था की प्रेरक पहल

रिवाज संस्था की संस्थापक मधु सक्सेना ने इस पहल को 'मानवता के लिए योग' अभियान का एक हिस्सा बताया। उन्होंने कहा, हम मानते हैं कि जेल में रह रहे बंदी भी समाज का हिस्सा हैं। उनके जीवन में सुधार और मानसिक शांति लाने हेतु योग एक सशक्त साधन बन सकता है। हमारा उद्देश्य केवल व्यायाम नहीं, बल्कि उनके जीवन में सकारात्मकता, अनुशासन और आत्मविश्लेषण का संचार करना है।



इस अवसर पर संस्था से जुड़े प्रमुख सदस्य-स्वतंत्र कुमार, महेश सारस्वत, राहुल बंसल, ऋचा गर्ग, श्वेता वर्श्नेय, सौम्या कौशल, हरीश शर्मा उर्फ.गुड्डु भाई, कंचन सिंह, महेश दीक्षित, प्रदीप कुमार, सुशील कुमार गुप्ता, पवन कुमार अग्रवाल, प्रेम बत्रा, अमित अग्रवाल, मनीष बंसल और संजीव शर्मा सभी ने कार्यक्रम में भाग लिया और योगाभ्यास में बंदियों का मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान योग के प्रमुख आसनों जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति तथा ध्यान अभ्यास को शामिल किया गया। योग प्रशिक्षकों ने प्रत्येक आसन की शारीरिक एवं मानसिक लाभों को विस्तार से समझाया। विशेष रूप से ध्यान (मेडीटेशन) एवं प्राणायाम के अभ्यास ने बंदियों को एक नई ऊर्जा और आंतरिक शांति का अनुभव कराया।

बंदियों के बीच इस आयोजन को लेकर उत्साह देखा गया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम उनके मानसिक तनाव को कम करने और आत्मावलोकन की भावना को जाग्रत करने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

एक बंदी ने कहा कि पहली बार ऐसा अनुभव हुआ कि हमारे लिए भी कोई सोचता है। योग करते समय मन में जो शांति मिली, वो शब्दों में नहीं कही जा सकती।

कार्यक्रम में जेल अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों ने भी भाग लिया और संस्था के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

जेल अधीक्षक ने कहा कि रिवाज संस्था द्वारा शुरू किया गया यह योग शिविर न केवल बंदियों के शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर करेगा, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। यह एक अनुकरणीय पहल है, जिसे भविष्य में और अधिक विस्तार दिया जाना चाहिए।

उन्होंने आगे यह भी बताया कि इस तरह के आयोजनों से बंदियों की सोच में बदलाव आता है और पुनर्वास की प्रक्रिया में मदद मिलती है। जेल प्रशासन ने भविष्य में ऐसे और कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए रिवाज संस्था को आमंत्रण भी दिया।



रिवाज संस्था का मानना है कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह जीवन की कला है। जेल जैसे स्थानों में, जहां मानसिक तनाव, अपराधबोध और आक्रोश का वातावरण रहता है, वहां योग सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। यह आत्मसाक्षात्कार और जीवन को एक नई दृष्टि से देखने की प्रेरणा देता है।

संस्था द्वारा इस कार्यक्रम को नियमित रूप से विभिन्न जेलों में आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। इसके लिए वे समाज के जागरूक नागरिकों, योगाचार्यों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों से सहयोग की अपेक्षा भी रखती है।



**योग कार्यक्रम के साथ रिवाज संस्था की टीम ने बंदियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए कई उपयोगी सुझाव दिए:**

- पौष्टिक और संतुलित आहार लेना
- नियमित दिनचर्या का पालन
- नशामुक्त जीवन जीने की शपथ
- सकारात्मक सोच और दूसरों के प्रति करुणा
- आत्मविकास के लिए पुस्तकें पढ़ना और नई चीजें सीखना

इन सुझावों को सुनते समय बंदियों की आखें आशा की झलक से चमक उठीं।

रिवाज संस्था इस कार्यक्रम को केवल योग दिवस तक सीमित नहीं रखना चाहती। उनका लक्ष्य यह है कि जेलों में नियमित योग सत्र चलें। साथ ही, बंदियों के पुनर्वास, शिक्षा, मानसिक परामर्श, और कौशल विकास के क्षेत्रों में भी रिवाज संस्था विशेष योगदान देना चाहती है।

इसके लिए संस्था सरकारी विभागों, अन्य सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों के साथ मिलकर कार्य कर रही है। वे मानते हैं कि परिवर्तन की शुरूआत वहां से होती है जहाँ सबसे अधिक अंधकार होता है – और जेल, उस अंधकार में उम्मीद की एक रेखा बन सकता है।

